श्री नरेश यादव (बिहार): मान्यवर, श्री जीवन राय द्वारा उठाए गए इस मुद्दे के साथ जिस में कि एन०टी०सी० के मजदूरों के हित में समझौते को लागू करने का प्रश्न है, मैं इस से अपने आप को सम्बद्ध करता हूं।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, श्री जीवन राय तथा अन्य माननीय सदस्यों ने इस विषय में अपनी जिन भावनाओं को व्यक्त किया है, मैं उससे अपने को संबद्ध करता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि सरकार इस विषय को गंभीरता से ले वरना देश की एन०टी०सी० की जो मिलें हैं, वे सब रुग्णावस्था में होकर बर्बाद हो जाएंगी और इससे देश की क्षति होगी। इसलिए मैं चाहता हूं कि जो इनकी मांग है, उसको सरकार गंभीरता से लेते हुए स्वीकार कर ले। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): The House is now adjourned for lunch. It will reassemble at 2.05 P.M. to discuss the Motion of Thanks on the President's Address.

The Hosuse adjourned for lunch at five minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at nine minutes past two of the clock

THE VICE CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI) in the Chair.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—Contd.

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को 20 फरवरी को किए गए संशोधन के प्रति आभार प्रकट करने के लिए मैं खड़ी हुई हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हमेशा ही सरकार की सामाजिक-आर्थिक नीति को दर्शाता है। इस बार भी जो अभिभाषण हुआ है, उसमें उन्होंने सरकार को आने वाले दिनों में कौन-कौन से काम करने हैं, सरकार ने क्या किया, उसका एक चित्र सांसदों के सामने रखा है।

महोदय, संयुक्त मोर्चा की सरकार जून, 1996 को सत्ता में आई। उस सरकार के आने के बाद हम लोगों ने एक नया प्रयोग किया। सच पूछिए तो संयुक्त मोर्चे की सरकार बनना ही देश के लिए एक प्रयोग है लेकिन प्रयोग तो बहुत दिनों से चल रहा है इस देश में। जब 1977 में सरकार बनी थी, वह भी एक संयुक्त मोर्चे की ही सरकार थी। पश्चिम बंगाल में पिछले 20 बरसों से संयुक्त मोर्चे की सरकार चल रही है। महाराष्ट्र में संयुक्त मोर्चे की सरकार चल रही है। पंजाब में संयुक्त मोर्चे की सरकार चल रही है और ऐसा लगता है कि आगे आने वाले दिनों में भारतवर्ष में किसी राजनीतिक दल का एकाधिपत्य समाप्त होकर सांझेदारी की सरकार ही चलेगी, ऐसी इस देश के नागरिकों की मानसिकता बन रही है। तो इस सरकार को चलाने के लिए जो हमारे सांझेदार दल हैं, सब लोगों ने मिलकर यह तय किया कि हमें कामकाज को चलाने के लिए एक कार्यक्रम तय करना चाहिए और हम लोगों ने एक कार्यक्रम तय किया जिसके हम "कॉमन मिनिमम प्रोग्राम" कहते हैं। उसमें देश के सामने ही लोगों ने यह बात रखी कि हमें क्या-क्या काम करना चाहिए। हमारी सरकार ने उसमें बताया कि कौन-कौन से काम हम प्राथमिकता के आधार पर करेंगे।

महोदय, हमारी संयुक्त मोर्चे की सरकार सोशल जस्टिस अर्थात सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्ध है और हम यह भी मानते हैं कि कोई भी देश सही मायने में तभी जीवित रह सकता है जब उस देश में सामाजिक न्याय हो। इसके साथ-साथ आर्थिक विकास भी होना चाहिए। हम जानते हैं कि आर्थिक विकास के 2 पहलू होते हैं- पहला यह कि कृषि के क्षेत्र में विकास हो और दूसरा यह कि उद्योग के क्षेत्र में विकास हो। हमारी सरकार इसके प्रति जागरूक है और इसके लिए हम लोगों ने "सोशल जस्टिस विद ग्रोथ" का लक्ष्य रखा है और उसके लिए हम काम कर रहे हैं।

महोदय, हिंदुस्तान के आजाद होने के बाद इस देश में जो अर्थव्यवस्था चली है, उस अर्थव्यवस्था में काफी गड़बड़ियां होती गईं। आपको याद होगा कि इसी सदन में बहस हुई थी ब्लैक मनी के ऊपर। महोदय, दोहरी अर्थव्यवस्था हमारे देश में चल रही है, एक तो ब्लैक मनी की और दूसरी व्हाईट मनी की। हमारे भूतपूर्व वित्त मंत्री ने इसके लिए कुछ उपाय सुझाए थे कि ब्लैक मनी को कैसे व्हाईट किया जाए। उसके लिए उन्होंने बहुत से उपाय सुझाए थे। महोदय, जब तक प्रॉपर फिसकल ट्रेनिंग न हो और फिस्कल ऐक्सरसाईज न हो, तब तक सही मायनों में विकास नहीं होगा और किसी समस्या का हल नहीं निकलेगा। हमारी सरकार ने इस ओर भी ध्यान दिया। सबसे बड़ी बात यह है कि आजादी के 50 सालों के बाद भी हमारे देश की आधे से अधिक आबादी गरीबी की रेखा से नीचे रही है और वह विकास के किसी भी स्तर को छू नहीं सकी है। इसलिए हमारी सरकार के सामने सबसे मुख्य कार्यक्रम है ऐंटी पोवर्टी प्रोग्राम। हमने इसी

उद्देश्य को सामने रखकर काम करना शुरू किया है। पिछले साल आपने देखा कि बेसिक मिनिमम सर्विसेज को लेकर जुलाई 1996 में एक बैठक बुलाई गई थी जिसमें सभी चीफ-मिनिस्टर्स शामिल हुए। हमने यह पाया कि आज भी हमारे देश में ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य व्यवस्था सही नहीं है। हमारी सरकार ने यह कहा कि हम हर किसी को स्वास्थ्य, पीने का पानी, शिक्षा और न्यूट्रीशन सपोर्ट देंगे। पिछली सरकार ने उस काम को शुरू किया था, उसको हम चालू रखेंगे, आगे बढ़ाएंगे। तो यह काम चालू है, हमारी सरकार इसको कर रही है। इसको हमने बेसिक मिनिमम प्रोग्राम के तहत रखा तथा इस साल उसके लिए बजटरी एलौटमेंट भी होगा। इसलिए राष्ट्रपति जी ने भी उसके बारे में कहा है। महोदय, हम आठवीं पंचवर्षीय योजना के समाप्तिकाल में चल रहे हैं। नवीं पंचवर्षीय योजना का प्रारूप तैयार हो गया है वह हमारे सामने आएगा। तो नवीं पंचवर्षीय योजना में हमारी सरकार प्राथमिकता देकर कौन-कौन सा काम करना चाहेगी, वह आपने एप्रोच पैपर में देखा होगा। उसमें देश का आर्थिक विकास सबसे पहला टारगेट है जिसमें कृषि व्यवस्था को सुधारा जाए और कृषि व्यवस्था में विकास किया जाए, कृषि में लगे हुए जो लोग हैं जिनको हम मार्जनल फार्मर्स या स्मॉल फार्मर्स कहते हैं उनके लिए कुछ कार्यक्रम अपनाएंगे। जैसे एक तो हुआ है गंगा परियोजना। गंगा परियोजना में--ग्रामीण आंचल में आदिवासी हरिजनों के बीच में खास तौर से उनको सब्सडी भी दी जाएंगी और लिफ्ट इरिगेशन के द्वारा उनके जो खेत हैं निश्चित सिंचाई के अंदर उसको लाया जाएगा। इसकी एक विशेष परियोजना बनाई गई जो राज्य सरकार के द्वारा ही वह लागू की जाएगी और यह सब्सडी स्कीम होगी। तो इस तरह से हमारी सरकार ने लक्ष्य तय किया है। साथ ही साथ सरकार ने यह भी तय किया है जिसको राष्ट्रपति जी ने कहा भी है कि इस देश का कामकाज जो भी हो वह नीचे से आए क्योंकि वही सफल डेमोक्रेसी है जिसमें आम लोगों की भागीदारी हो, साधारण लोगों की भागीदारी हो, प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हो। केवल पार्लियामेंट और असेंबली में बैठकर हम सफल और सच्चे मायने में एक्च्युअल डेमोक्रेसी, थ्रू रिफ्लेक्टेड डेमोक्रेसी हम नहीं कर सकते। तो इसके लिए आवश्यक है पंचायत से, लोकल बॉडी से लोगों को आगे लाना। मुझे इस बात से खुशी है कि पिछले दिनों इसी सदन में पंचायती राज्य विधेयक का संशोधन भी किया और वह पारित भी हुआ और लागू हो गया है जिसके जरिए ग्रौस रूट लेविल में भी दस लाख महिलाएं भी चुनकर आई हैं और सही ढंग से काम कर रही हैं। तो यह सरकार चाहती है कि विकास के जो भी कामकाज हों उस कामकाज को पंचायतों के द्वारा ही लागू करवाया जाए ताकि सही मायने में जो डवलपमेंट की स्कीम बन रही हों उनको रिअली परकुलेटिड हो जाए नीचे के स्तर तक और वहां तक विकास का काम चालू रहे एवं धीरे-धीरे समूचे पंचायत में जो विकास होगा तो उनपर भी ब्लौक डवलप्ड हो जाएगा, जिले में विकास होगा और जब जिले में विकास होगा तो राज्यों का विकास होगा और देश भी विकसित होगा। तो यह हमारी मंशा है और उसी दृष्टिकोण से हमारी सरकार काम कर रही है।

महोदय, मैंने पहले कहा कि हमारे देश में मिश्रित अर्थव्यवस्था चल रही है, आजादी के पहले से ही चल रही है। आजादी के बाद धीरे-धीरे यह देखा गया कि कुछ ठोस कामकाज के लिए, अर्थनीति को सुधारने के लिए पब्लिक सैक्टर चाहिए जो सरकार के कंट्रोल में रहे। वह भी हम लोगों ने चलाकर देखा। लगभग 44-45 वर्ष तक वह चला। लेकिन काल कार्यक्रम में हम लोगों ने देखा कि इससे देश का सही मायने में विकास नहीं हो रहा था, आर्थिक विकास जितना चाहिए था उतना नहीं हो रहा था। तो इसलिए 1991 में पिछली सरकार ने एक नई आर्थिक नीति, एक नई औद्योगिक नीति की घोषणा की थी जो उदारीकरण की नीति थी। दुनियां के बाजार के लिए हमने अपना दरवाजा खोल दिया, दुनियां के बाजार से हमारे यहां सामान आए और हमने भी अपना सामान दुनियां के बाजार में भेजा। सच पूछिए तो यह सारी दुनियां में अर्थनीति का एक नया दौर चला है, जिसको कहा जाता है कि ग्लोबल विलेज हो गया। सारी दुनियां एक बाजार हो गई और इस तरह से काम चल रहा है। महोदय, हम लोगों ने देखा कि रूस एक बहुत बड़ा देश था, बहुत विकसित देश था। लेकिन किस तरह से सही मायने में अपनी अर्थनीति को संचालन न करने के कारण वह अलग-अलग हो गए। उस देश के जो फेडरल स्टेट थे वह अलग-अलग हो गए। युनाइटेड स्टेट्स ऑफ सोवियत रशिया अलग-अलग हो गया। वे एक साथ बंधे जरूर हैं, लेकिन स्वतंत्र देश हो गए है। हम नहीं चाहते कि भारतवर्ष में इसी तरह की स्थिति आए और इसलिए पिछले दिनों हमारी अर्थ-नीति का जो उदारीकरण किया गया था, उसमें जो कमियां रह गई थीं, हम उनको दूर करना चाहते हैं ताकि इस देश में सही मायनों में विकास हो सके। महोदय, इस बारे में लोगों के मन में शंका है। लोग कहते है कि इस उदारीकरण में जो नए मालिक होते हैं और खासकर जो विदेशी पूंजीपति हैं, वे इस देश के श्रमिकों को सही मायनों में काम नहीं देंगे या जो हमारी लेबर फोर्स है, उसका सही यूटिलाईजेशन नहीं करेंगे। यह शंका बहुत लोगों के मन में है। व्यक्तिगत रूप से कभी-कभी मुझे

लगता है कि शायद यह सही है लेकिन जब हम दुनिया की तरफ नजर दौड़ाते हैं तो लगता है कि आज इसके बगैर कोई उपाय नहीं है क्योंकि दुनिया के बाजार में भारत अकेला नहीं रह सकता। दुनिया के बाजार में भारत को सबके साथ मिलकर, कदम से कदम मिलाकर चलना होगा और आर्थिक विकास करना होगा। इसलिए हमारी सरकार ने नयी संरचना की है। पिछले दिनों कांग्रेस सरकार ने जो कुछ किया था, उसी को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार ने कुछ नए कार्यक्रम अपनाएं हैं और उसके तहत हम लोगों ने यह कहा है कि बाहर से हम पूंजी लेंगे।

महोदय, विकास के लिए सबसे आवश्यक चीज है पावर यानी ऐनर्जी। इसके बगैर कोई देश आगे नहीं बढ़ सकता, कोई कारखाना नहीं चल सकता। तो प्रगति के पथ पर सबसे पहला फैक्टर है पावर। चूंकि हमारी सरकार के पास इतने साधन नहीं है और हम अपने लोगों के ऊपर टैक्स का बोझ नहीं बढ़ाना चाहते। आखिर सरकार के पास जो पैसा आता है वह अपने देश के नागरिकों के ऊपर टैक्स लगाकर ही आता है। तो कितना टैक्स का बोझ हम अपने नागरिकों पर बढ़ाएंगे? इसलिए हम लोगों ने सोचा कि पावर सैक्टर में हम विदेशी पूंजीपतियों को बुलाएं और वे यहां आकर पावर सैक्टर में काम करें। उसी के साथ-साथ और इन्फ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमैंट की बात हो रही है। उसके लिए भी हमने विदेशी पूंजीपतियों को निमंत्रण दिया है और मुझे यह कहते हुए खुशी है कि हमारे निमंत्रण से कई देशों में अच्छा असर हुआ है। वैसे तो दुनिया आज एक ग्लोबल विलेज बन गई है लेकिन हम छोटे-छोटे कुनबों में भी बंटे हुए हैं--जैसे सार्क कंट्रीज हैं, ऐसियान कंट्रीज हैं, ऐशिया-पैसिफिक रीजन है। ऐसियान कंट्रीज के जो विकसित देश हैं, उन्होंने हमारे साथ मिलकर व्यापार करना शुरू किया। खासकर मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, इंडोनेशिया, इन देशों का ज्वाइंट वैंचर हिंदुस्तान के साथ चल रहा है। केवल थाईलैंड के 30 ज्वाइंट वैंचर हिंदुस्तान में चल रहे हैं।

महोदय, हमारे यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर की भी कमी है। एक तो पावर सैक्टर में हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर चाहिए। हमारे यहां सड़कें भी उतनी अच्छी नहीं हैं। तो हमें सड़कों का भी विकास करना होगा। रेलवे का भी विकास करना होगा। टैलीकम्युनिकेशन का भी विकास करना होगा। पोर्ट्स का भी हमें विकास करना होगा। इसके लिए युनाइटेड फ्रंट की सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सड़क निर्माण के लिए हमारी सरकार ने नेशनल हाइवे कंस्ट्रक्शन संबंधी कानूनों में कुछ ढिलाई की है और हमने कहा है कि अगर कोई विदेशी पूंजीपति या स्वदेशी पूंजीपति इस क्षेत्र में अपनी पूंजी लगाना चाहे, तो वह लगा सकता है। हमने इस बात के लिए इजाजत दी है। भारत का रेलवे सिस्टम दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे सिस्टम है। और भारत का रेलवे अब तक खास-खास इलाकों में ही लगा हुआ था, संबंधित था। हमारी सरकार ने पहली बार फैसला किया है कि हम ग्रामीण अंचल, पिछले इलाकों, ट्राइबल इलाकों, पूर्वांचल इलाकों और कश्मीर के इलाकों में रेलवे का जाल बिछा देंगे ताकि वहां के लोगों का यह महसूस नहीं हो कि हम भारत के बाहर हैं। अब तक जो शिकायतें आती रहीं, वह यह थी कि पूर्वांचल का सही मायने में देश के साथ समन्वय नहीं किया गया, वह अपने को बाहर समझते रहे, अछूत समझते रहे। कश्मीरी लोग यह समझते रहे कि हमारे प्रति सही निगाह नहीं गयी, हमारा विकास नहीं हुआ। इसलिए मैं रेलवे मंत्रालय को धन्यवाद देती हूं, खासकर हमारे रेलवे मंत्री श्री राम विलास पासवान जी को जिन्होंने आगे बढ़कर इस काम को किया और कहा कि देश के विकास में जो पिछड़े इलाके हैं, अविकसित इलाके हैं, ट्राइबल इलाके हैं, उन सभी इलाकों को जोड़ना है और अगर जरूरत हुई तो हम इसके लिए विदेश से भी पूंजी लेंगे।

टेली कम्यूनीकेशन सिस्टम के बारे में मैं ज्यादा चर्चा नहीं करना चाहती हूं। इस पर इस सदन में बहुत चर्चा हो चुकी है। लेकिन टेली कम्यूनीकेशन आज सबसे आवश्यक कम्यूनीकेशन का सिस्टम है। इसके जरिए यहां बैठकर आप कहीं भी संदेशा भेज सकते हैं और आपको कहीं से भी संदेशा मिल सकता है। अगर हमें दुनिया के पैमाने पर कंपीट करना है, विकास करना है तो टेली कम्यूनीकेशन एक बहुत आवश्यक सिस्टम है और अगर हर घर में हम टेलीफोन पहुंचा पाएं, टेली कम्यूनीकेशन का इंतजाम कर पाएं जो यह बहुत बड़ी बात होगी। हर घर में तो शायद पहुंचाना मुश्किल हो लेकिन अगर हर पंचायत में भी यह सेवा पहुंच जाए तो भी बहुत बड़ी बात होगी। हमारा प्रयास इस संबंध में भी है। महोदय, खुशी की बात है कि भारतीय नागरिक जो विदेशों में रह रहे हैं, उन्होंने भी इसमें हिस्सेदारी करने की इच्छा जाहिर की है और 15 मिलियन यू.एस. डालर के इनवैस्टमैंट की बात काफी हद तक हो भी चुकी है। हम उम्मीद करते हैं कि अगले पांच साल के अंदर दो सौ यू.एस. बिलियन डॉलर का इनवैस्टमैंट होगा चारों तरफ से यह इनवैस्टमैंट होगा, यह हम उम्मीद करते हैं। हम एक सही तरह का वातावरण इस देश में तैयार नहीं कर पाए थे। पिछले दिनों उदारीकरण के बाद जितनी हमारी ऐक्सपैक्टेशंस थीं उतना लागू नहीं हो पाया लेकिन अब लागू होने की संभावना बढ़ गयी है। हमने यह वातावरण

इसलिए तैयार किया ताकि यह काम हो सके। पिछले दिनों प्रधान मंत्री दावोस गये थे। वहां पर उन्होंने दुनिया के व्यापारी वर्ग, इंडस्ट्रीयलिस्ट्स के सामने जो बातें कहीं, उसमें उन्होंने कहा कि जो भी बाहरी पूंजीपति भारत के इनफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में पूंजी लगाने के लिए आएंगे, उनको हम सुविधाएं देंगे तो उससे वातावरण में परिवर्तन आया है। सिंगल विंडो सिस्टम वगैरह करने की बात हुई है। इस तरह से यहां एक औद्योगिक वातावरण, औद्योगिक परिवर्तन का वातावरण बन रहा है। इस तरह से हम यह उम्मीद कर सकते हैं कि प्रति वर्ष 10 बिलियन डॉलर की यहां खपत हो सकती है और उससे विकास का काम हो सकता है। तो यह हमारा टारगैट है।

महोदय, मैंने आपको पॉवर सैक्टर और ट्रांसपोर्ट सैक्टर के बारे में कहा। इन सैक्टरों में जब तक विकास नहीं होगा, तब तक देश आगे बढ़ नहीं सकता।

महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में ऑयल पूल डैफिसिट के बारे में बताया। मैं इस संबंध में केवल दो-चार बातें कहना चाहूंगी। यह सही है कि ऑयल पूल डेफिसिट 31 मार्च तक साढ़े पंद्रह हजार करोड़ तक पहुंचते की संभावना है। अब यह डेफिसिट क्यों बढ़ा है, क्यों हुआ है, इस पर हम सदन में पहले चर्चा कर चुके हैं। मैं केवल इतना ही कहना चाहती हूं कि चूंकि हमारे देश में जितनी हमारे पैट्रोलियम पदार्थों की खपत है, उतना उत्पादन नहीं हो पाता है और हमें मजबूर होकर दुनिया के बाजार से पैट्रोलियम पदार्थ खरीदने पड़ते हैं, ज्यादा कीमत देकर हम वह खरीदते हैं। चूंकि हमारे देश की जनता की क्रय शक्ति कम है, इसलिए हम उसे सब्सीडाइज्ड रेट पर बेचते हैं। इसी तरह से ऑयल पूल में घाटा बढ़ता जाता है। तेल कम्पनियों को बहुत घाटा इस सन्दर्भ में हुआ है। जैसे आईओसी को 31 मार्च, 1997 तक घाटे का जो अन्देशा है वह 9 हजार करोड़ का, एचपीसी का 1800 करोड़ का बीपीसी को 1300 करोड़ का, एमआरएल को 300 करोड़ का, सीआरएल को 320 करोड़ का, बीआरपीएल को 100 करोड़ का, आईबीपी को 140 करोड़ का, ओएनजीसी को 1800 करोड़ का, एम आर पी एल और अन्यों को 710 करोड़ का है। इस प्रकार कुल मिलाकर साढ़े पन्द्रह हजार करोड़ के घाटे का अंदेशा है।

महोदय, मैंने पहले ही कहा कि हम बाहर से जिस दाम पर तेल खरीदते हैं और अपने देश में जो तेल का उत्पादन होता है उसकी जो कीमत ग्राहकों से सरकार को मिलती चाहिए वह कीमत हम नहीं लेते हैं। हम इसको सबसिडाइल्ड रेट पर बेचते हैं। मैं आपको बताना चाहूंगी कि सरकार को कितनी सबसिडी इस पर देनी पड़ती है। हाई स्पीड डीजल पर सबसिडी के कारण जो घाटा है वह 8,340 करोड़ का है। केरोसीन ऑयल के डोमेस्कि इस्तेमाल के लिए 6,350 करोड़ की सबसिडी है। एलपीजी भी हाईली सबसिडाइल्ड है, उसमें 1950 करोड़, नाफ्ता जो फर्टीलाइजर में इस्तेमाल होता है उस पर 980 करोड़ की सबसिडी है। ऐसे जो फर्टीलाइजर में इस्तेमाल होता है उस पर 390 करोड़, एलएसएचए यह भी फर्टीलाइजर में इस्तेमाल होता है उस पर 200 करोड़, वीटूमिन पर 190 करोड़, गोंद वैक्स के लिए 40 करोड़ की सबसिडी है। इस तरह से 18,440 करोड़ सरकार को सबसिडाइल्ड रेट में देने पड़ते हैं। यह विचित्र स्थिति है। सरकार ने नई आर्थिक औद्योगिक नीति के तहत तेल कम्पनियों से कहा है कि हमारे पास आपको पैसा देने के लिए नहीं है इसलिए आप बाजार से पैसे की उगाही करो और तेल कम्पनियां बाहर से पैसे की उगाही कर रही हैं। इस तरह से वे अपना काम चला रही हैं और देश को आगे ले जाने का काम कर रही हैं।

मैंने अभी फर्टीलाइजर के बारे में चर्चा की और इसी सदन में फर्टीलाइजर के बारे में कृषि मंत्री जी ने एक बयान भी दिया, उस पर मैं विस्तार से कुछ नहीं कहना चाहती हूं। आप लोगों ने उस दिन इस पर काफी बहस भी की उनसे। इस देश का एक प्राचीनतम उद्योग चीनी उद्योग है और वह है कृषि उद्योग। कृषि के साथ-साथ जुड़ा हुआ है गन्ने का उद्योग और चीनी का उद्योग। चीनी का उद्योग इस सदी के शुरू में चालू हुआ था और अलग-अलग प्रान्तों जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश और बाद में महाराष्ट्र वगैरह में चालू हुआ। हम लोगों को जानकारी है कि यह सब कारखाने पुराने पड़ गये हैं और प्रान्तों की ओर से नये कारखाने लगाने की मांग काफी जोर-शोर से की जा रही है। उस संबंध में सरकार ने एक नीति भी अपनाई है कि हम नये गन्ने के कारखाने लगायेंगे और लाइसेंस प्रणाली में भी कुछ परिवर्तन किया है। पहले नया कारखाना लगाने कि लिए पुराने कारखाने हैं 25 किलोमीटर की दूरी होना आवश्यक थी लेकिन अब केवल 15 किलोमीटर की दूरी तक नया कारखाना लगाया जा सकता है। मुझे उम्मीद है कि इस नये परिवर्तन से काफी लोगों को राहत मिलेगी, खासकर गन्ना किसानों को क्योंकि उनको अपना गन्ना सप्लाई के लिए दूर तक नहीं ले जाना पड़ेगा। नये गन्ने के कारखाने लगने से पुराने कारखानों की मरम्मत या माडर्नाइजेशन प्रोसेस भी चालू हो सकेगा। साथ ही साथ नये कारखानों से किसानों के गन्ने की खपत भी हो जाएगी। गन्ना एक ऐसी चीज है जिससे हम कभी-कभी विदेशी मुद्रा का उर्पाजन करते हैं इसलिए यह बहुत आवश्यक

कृषि जनित उद्योग है और इसको आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है।

महोदय, मेरा गंगा कल्याण योजना के बारे में कहना है कि ग्रामीण अंचलों में जो सबसे नीचे तबके के लोग हैं, यह उनके विकास के बारे में काम करेगी, आदिवासी और हरिजनों के लिए काम करेगी।

एक नया कार्यक्रम हमारी सरकार करना चाहती है जो हमारे कामन मिनिमम प्रोग्राम में भी है वह है इंपलायमेंट इश्योरेंश का। यह पहले 1778 ब्लाकों में चालू था। अब उसको आगे बढ़ाकर और नये 2246 ब्लाकों में इसको चालू किया जाएगा। यह 4,024 यानी करीब-करीब टोटल ब्लाक्स में चालू होगा। इसमें 100 दिन का काम मिलेगा निश्चितरूप से। तो गरीबों के प्रति हमारी सरकार की जो प्रतिबद्धता है उसके तहत इस काम को किया गया है। जिनको काम नहीं मिलता है उनको यह काम मिलेगा या ग्रामीण अंचल में कृषि जनित प्रयोग के साथ जुड़े हुए जो लोग हैं, उनको हमने देखा है कि कृषि का काम 6 महीने चलता है। बाकी 6 महीने उन लोगों के हाथ में कोई काम नहीं होता है और वे भुखमरी के कगार पर होते हैं। इसके कारण माइग्रेशन आफ लेबर भी बड़े पैमाने पर शहरों में हो जाता है। इसके कारण शहरों पर दबाव बढ़ता है और जो लोग गांवों से आते हैं उनकी हालत यह होती है कि वे सड़क के किनारे पर रहते हैं, स्लम में रहते हैं। तो इसको रोकने के लिए भी हमारी सरकार ने यह योजना बनाई है ताकि ग्रामीण अंचल में उन लोगों को काम मिलना शुरू हो जाए और ग्रामों का विकास हो। इससे गांवों का विकास होगा, ब्लाक्स का डेवलपमेंट होगा और शहरों में माइग्रेशन आफ लेबर के कारण उन पर जो दबाव पड़ता है वह दबाव नहीं होगा। इसलिए हमारी सरकार ने यह योजना बनाई है जिसके लिए वह प्रतिबद्ध है वह हम लोग करने जा रहे हैं।

महोदय, पिछले सत्र में हमारी सरकार ने अनआर्गनाइज्ड सेक्टर में, असंगठित क्षेत्र में जो श्रमिक काम करते है- इस देश में लगभग 25-30 करोड़ कृषि मजदूर भी हैं। उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। उनके कल्याण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं उसी के तहत हमने पिछले दिनों बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वरकर्स कंडीशंस आफ सर्विस इम्पलाईमेंट बिल पारित किया था। यह अगस्त 1976 में किया था। इससे करीब 9 लाख 10 लाख कंस्ट्रक्शन वर्क में लगे हुए श्रमिकों का कल्याण हुआ।

हमारे जो बीड़ी वरकर्स हैं, उनके लिए भी कानून बना हुआ है। इसके अन्तर्गत बीड़ी श्रमिकों को आइडेंटीकार्ड मिलेगा। जो अभी तक यह हो नहीं पाया है। हमारी सरकार इस मामले में भी प्रतिबद्ध है। वह चाहती है कि इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा कर लें ताकि बीड़ी उद्योग में लगे हुए जो श्रमिक हैं, जिनको टी॰बी॰ वगैरह हो जाती है उनको स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों का लाभ मिले। इसलिए इस काम को तेजी से करने का हम लोगों ने मेजर अपनाया है हमारी सरकार इसको जल्दी करेगी।

महोदय, सरकारी आंकड़ों के हिसाब से हिन्दुस्तान में लगभग चार करोड़ बाल श्रमिक है। अगर सचमुच में देखा जाए तो इससे ज्यादा ही होगें लेकिन अगर हम सरकारी आंकड़ों को मान लें तो यह बाल श्रमिक जो हैं, किसी के मां-बाप नहीं चाहते कि उनके छोटे छोटे बच्चे, 5 साल के, 6 साल के बच्चे काम करने के लिए जाएं। उन्हें काम करने बाहर भेजना पड़े। उनको मजबूरन भेजना पड़ता है, आर्थिक दुर्दशा के कारण। दुनिया के बाजार में इस बात को लेकर बहुत शोर-शराबा है। हमारे यहां कारपेट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बच्चे लगे हुए हैं तो दुनिया बाजार में हल्ला होने लगा कि जब तक कारपेट में यह मोहर न लग जाए कि इसमें माइनर बच्चे बाल श्रमिक नहीं लगे हुए हैं तब तक इनको न खरीदा जाए। 300 करोड़ रुपया सालाना कारपेट इंडस्ट्री से देश को आमदनी होती है। तो भारत सरकार ने इस दिशा में भी जागरूक होकर यह कहा कि यह जो बच्चे हैं, 14 साल से कम उम्र के बच्चे इस काम में नहीं जायेंगे और उनकी शिक्षा, उनके स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था सरकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हैजार्डियस प्रोडक्शन में जो बच्चे लगे हुए हैं, जैसे कि आतिशबाजी इंडस्ट्री, या चूड़ी उद्योग, फैजाबाद में जो बच्चे लगे हुए हैं वहां पर उनके साथ किस तरह की ज्यादतियां होती हैं इसको भी बारम्बार देश ने और आई॰एल॰ओ॰ ने कई बार उजागर किया है। महोदय, इस मामले में भी सरकार जागरूक है और इस समस्या से सरकार निपटना चाहती है। ऐसे बच्चों के रीहैबिलीटेशन के लिए जिनकी समुचित व्यवस्था सरकार कर रही है, उनकी शिक्षा, उनकी रोजी-रोजगार के लिए ट्रेनिंग देने का काम कर रही है ताकि बड़े होकर वह इज्जत और ईमानदारी की रोटी कमा सके और सही मायनों में देश के अच्छे नागरिक बन सकें। इसके लिए भी हमारी सरकार कदम उठा रही है। चाइल्ड लेबर को भी दूर करने के लिए हम ज्यादा जागरूक हैं।

महोदय, मैंने अभी चर्चा की थी, वेलफेयर स्कीम के बारे में, वीकर सेक्शन आफ सोसाइटी के बारे में। इसके लिए सरकार ने कैबिनट कमेटी बनाई है और इसमें शैडयूल्ड कास्ट, शैडयूल्ड ट्राइब्स, माइनारिटी के डेबलपमेंट की

बात की जा रही है। पहले पहल कोई इस तरह की कमेटी बनी है। जो खासकर के शैडयूल्स ट्राइब्स की समस्याएं हैं, उनके बारे में देखभाल करेगी और समुचित कदम उठाने के लिए रास्ता सुझायेगी ताकि हम आगे बढ़ कर काम कर सकें।

महोदय, अगर मैं विदेश नीति पर थोड़ी सी चर्चा नहीं करूंगी तो मुझे लगता है कि मेरी बात सही नहीं होगी। मैं यह कहना चाहती हूं कि भारतवर्ष ने शुरू से ही एक ऐसी विदेश नीति अपना रखी है जिसमें अपने देश की महत्ता, अपने देश की प्रायटी सोच कर ही रखी। हमारे प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू को इसका श्रेय जाता है। उन्होंने 7 सितम्बर, 1946 को एज़ वाइस प्रेज़ीडेंट आफ इंटेरिम गवर्नमेंट कहा था।

> "We shall take full part in international conferences as a free nation with our own policy. We have to develop close and direct contacts with other nations and to co-operate with them in furtherance of world peace and freedom."

यह हमारा आधार है। पंडित जी ने यह कहा था। उसी आधारशिला के ऊपर हम लोगों ने इस देश की विदेशी नीति का निर्माण किया। भारत ने अपने पड़ोसी देशों के साथ मैत्री बढ़ाने का काम किया है और दुनियां के पैमाने पर सब के साथ हमारा मैत्री का हाथ बढ़ा हुआ है, हम न किसी गुट में हैं और किसी गुट के खिलाफ हैं। हम सब के साथ मैत्री रखना चाहते हैं। दुनियां में जो दो खेमे बने हुए थे, आमने-सामने थे जो उस समय हम लोगों ने एक खेमा और बनाया था जिसको हम कहते हैं नॉन-अलाईड कंट्रीज़ जो न तो नाटो पावर के साथ था और न ही दुनियां का जो आज सबसे ताकतवर देश अमरीका है उसके साथ था। हम लोगों ने नॉन अलाइंड इसलिए खड़ा किया था इस देश में उस समय भी हमारे स्वर्गीय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू थे, इसका श्रेय भी उनको जाता है। उन्होंने कहा था कि नॉन अलाइंड देश दोनों खेमों से अलग रहें, हम लोगों ने एक तृतीय खेमा बना कर जो अविकसित देश हैं और विकासशील देश हैं, अपने विकास के बारे में बात करें, अपनी समस्याओं के बारे में बात करें। युगोस्लाविया में मार्शल टीटो जब जीवित थे उस वक्त युगोस्लाविया में इसका पहला सम्मेलन हुआ था। दो साल पहले जब मैं वहां गई थी तो मुझे वह जगह देखने का मौका मिला। मुझे बड़ी खुशी हुई। उसमें लिखा हुआ है-

> "The First NAM Conference was held in this Hall."

आज भी एन॰एम॰ जो संगठन है, उसको और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। आज दुनियां में आर्थिक रूप से अलग अलग अपने पड़ोसी देशों के साथ ग्रुप बने हुए हैं, इण्डियन ओशियन ज़ोन ग्रुप बना हुआ है और भी तरह तरह के अलग-अलग ग्रुप अपने अपने विकास के लिए बन रहे हैं। हम भी उसमें हैं क्योंकि हम अपने देश का आर्थिक विकास करना चाहते हैं। साथ ही साथ राजनीतिक संबंधों के लिए पिछले दिनों जो कुछ काम हुआ है, वह बहुत सराहनीय काम हुआ है। जैसे बंगलादेश के साथ गंगा जल के बंटवारे का समझौता। पिछले 25 वर्ष से यह सवाल चला आ रहा था, दोनों देशों के संबंध बिगड़ रहे थे। मुझे याद है पिछले दिनों दिल्ली में जब स्पीकर्ज़ एंड पार्लियामेंटेरियंस की कान्फ्रेंस हुई थी तब उनका एक मंत्री आया था। विद्या चरण शुक्ल जी तब जल संसाधन मंत्री थे। उसने कहा था कि उनके यहां खाना कैसे खायेंगे, चलो खाना तो खाने जाएंगे लेकिन पानी नहीं पीयेंगे क्योंकि वह हमें पानी नहीं दे रहा है। हालांकि मज़ाक में कह रहे थे लेकिन मन को तकलीफ तो होती है क्योंकि वह इसलिए यह बात कह रहे थे। 25 साल के बाद यह समझौता हुआ गंगा जल के बंटवारे का समझौता। इससे हमारे पड़ोसी देश के साथ हमारे मैत्री संबंध सुदृढ़ हुए हैं। नेपाल के साथ महाकाली समझौता हुआ। महाकाली नदी के जल के बंटवारे का समझौता हुआ। इससे नेपाल का विकास होगा और हमारा भी लाभ होगा यह बहुत अच्छा काम हुआ है। तीसरा, मैं यह कहना चाहती हूं कि अभी अभी हमारे विदेश मंत्री ईरान गए थे। उनके साथ भी व्यापारिक समझौता हुआ। हम हर किसी के साथ संबंध अच्छा करना चाहते हैं। इजराइल के साथ हमारा कोई मैत्री संबंध नहीं था। हमारा कोई संबंध नहीं था, केवल व्यापारिक संबंध था लेकिन उसमें भी पिछले दिनों सुधार हुआ और हमारा उनके साथ डिप्लोमेटिक रिलेशन बढ़ा है। हम लोग अब डिप्लोमेटिक एक्सचेंजेज करते हैं। हमारी अरब वर्ल्ड के साथ भी मैत्री है और साथ ही साथ दूसरे अन्य देशों के साथ भी मैत्री संबंध बढ़ रहा है। इससे भारत की स्थिति सुदृढ़ होती है।

एक सवाल सीटीबीटी का है। जब हमारे विदेश मंत्री गुजराल साहब ने सीटीबीटी के बारे में बयान दिया, न्यूक्लियर प्रोलीफरेशन ट्रीटी के बारे में, कंप्रीहैंसिव टेस्ट बैन ट्रीटी के बारे में तो पूरे सदन ने एक राय होकर कहा था-We are with you. The nation is with you. कुछ विकसित देश अपने हाथ में सारी न्यूक्लियर पावर रखे हुए हैं और हमारे जैसे जो देश हैं विकासशील देश उनको कहते हैं कि तुम तो खत्म करो अपनी न्यूक्लियर

पावर लेकिन हम रखेंगे अपने हाथ में लेकिन यह संभव नहीं है। इसके लिए हम लोगों ने कहा-

No, we do not agree with your proposal.

आप भी अपना खत्म करो हम भी अपना खत्म करेंगे। We keep ourselves open. कभी कभी लोगों ने बाद में कहा कि यूनाइटेड नेशंस में, सिक्योरिटी काउंसिल में हमारी एफ सीट चली गयी। कहा कि अगर हम सीटीबीटी के मामले में इतना कट्टर नहीं होते तो शायद यह सीट नहीं जाती। लेकिन मैं यह नहीं कहना चाहती हूं कि यूनाइटेड नेशंस की सिक्योरिटी काउंसिल की सीट उतनी बड़ी नहीं है जितना भारत की सुरक्षा बड़ी है और भारत की सुरक्षा को किसी हालत में हम दांव पर नहीं लगा सकते हैं। भारत के विकास को हम किसी भी हालत में दांव पर नहीं लगा सकते हैं। किसी के डिक्टेशन पर हम नहीं चलेंगे और पूरे देश ने इस बात को कबूल किया था और साथ दिया था। तो मैं यह भी कहना चाहती हूं कि बहुत ही सही काम हुआ।

महोदय, हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है। अभी हाल में फरवरी में वहां चुनाव हुआ। हर चुनाव में पाकिस्तान में एक मुद्दा होता था कि हिंदुस्तान के साथ रिश्ता कैसा हो। India has been an issue in the Pakistan elections.

फरवरी, 1997 का जो इलेक्शन हुआ, for the first time India was not an issue. उन्होंने अपने आर्थिक मुद्दे पर चुनाव लड़ा, करप्शन के मुद्दे पर चुनाव लड़ा। भारत उनका इश्यू नहीं था और जो नये प्रधान मंत्री आए हैं उन्होंने प्रधान मंत्री की शपथ ग्रहण करने के साथ कहा कि हम भारत के साथ संबंध को सुधारना चाहते हैं। हमारे भी विदेश मंत्री और प्रधान मंत्री ने कहा कि हम भी अच्छे संबंध रखना चाहते हैं। Let us sit and talk together. शिमला समझौते के साथ हम बात करेंगे। काश्मीर के बारे में हम बात नहीं करेंगे।

Kashmir is an integral part of India.

महोदय, इससे पता चलता है कि विदेश नीति के तहत, विदेश नीति के मसले पर यूनाइटेड फ्रंट की सरकार ने जो हमारी विदेश नीति चली आ रही है उसी को आगे बढ़ाया और इस देश की दुनिया के पैमाने पर स्थिति को और भी सुदृढ़ किया है।

हमारे पड़ोसी देश अफगानिस्तान में लड़ाई चल रही है। हमारी नीति यह है कि हम किसी के अंदरूनी मामले में हस्तक्षेप नहीं करेंगे लेकिन जनता को अगर कोई तकलीफ हो रही है तो उसमें हमसे जो बन पड़ेगा वह मदद हम करेंगे to mitigate their other problems. हैल्थ प्राब्लम हो, खाना नहीं हो, इलाज कराना है। उसमें जो बन पड़ेगा हम करेंगे। लेकिन पोलिटिकल मामले में हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। यह हमारी घेषित नीति, भारत की घेषित नीति है उसको भी हम फालो कर रहे हैं । हम चाहते हैं कि इमीडिएट नेबर्स के साथ हमारे संबंध अच्छे हों। आप सब जानते हैं कि हमारा पड़ोसी सबसे बड़ा देश चीन है। पहले पहल यूनाइटेड फ्रंट की सरकार के समय चीन के राष्ट्रपति कामरेड जियांग झेमिन आए थे और उन्होंने भी कहा था कि हम भारत के साथ मैत्री संबंध बढ़ाना चाहते हैं। हम साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। हम दोनों देशों की प्रगति चाहते हैं। यह भी एक बहुत बड़ा हमारे देश के लिए यूनाइटेड फ्रंट सरकार के लिए this has been a glorious chapter.

इन बातों के साथ मैं यह कहना चाहती हूं कि हमारा देश चाहे अंदरूनी मामले हों चाहे बाहर के मामले की सही और सफल दिशा में चल रहा है। महोदय, एक दो बातें और मैं कहूंगी। वे यह है कि काश्मीर में पिछले सात साल से इलेक्शन नहीं हुआ था। लोगों को विश्वास नहीं होता था कि काश्मीर में शांतिपूर्ण इलेक्शन हो भी सकता है। इलेक्शन कमीशन के मन में भी संदेह था। लेकिन सरकार ने कहा नहीं, लोकतंत्र की पुनः स्थापना होनी चाहिए। चुनी हुई विधान सभाएं बन जानी ही चाहिएं ताकि पीपुल्स एस्पीरेशन पूरा हो, लोगों के एस्पीरेशंस पूरे हो, एलीनिएशन ऑफ द स्टेट नहीं हो। तो चुनाव हुआ। हम लोगों ने देखा 50 से 60 प्रतिशत लोगों ने, आम जनता ने वोट दिया और शांतिपूर्ण चुनाव हुआ। उस चुनाव को देखने वर्ल्ड कम्युनिटी के लोग आए थे। कहीं कोई अशांति नहीं। चुनी हुई बहुमत की सरकार आज काश्मीर में राज कर रही है। नेहरू जी काश्मीर से आए थे और इलाहाबाद में बसे हुए थे। उनका परिवार मूल कश्मीरी पंडित का था। लेकिन देवैगौड़ा जी को मैं धन्यवाद देती हूं कि वह एक ऐसे प्रधान मंत्री हैं जो इस खतरनाक स्थिति में लोगों के मना करने के बावजूद भी काश्मीर गए और उन्होंने काश्मीर की हालत को देखा और समझा कि क्यों काश्मीर अलग हो रहा है। क्यों काश्मीर के नौजवान नाराज़ हैं। क्यों कोई हथियार उठाता है। कोई खुशी से हथियार नहीं उठता है। क्योंकि जो हथियार दूसरे के मारने के लिए इस्तेमाल किया जाता है उस हथियार की गोली से वह खुद भी मरता है। कोई हथियार क्यों उठाता है? हथियार उठाता है बेकारी के कारण, हथियार उठाता है भुखमरी के कारण। ठीक है उसमें कुछ हद तक डाग्मैटिज्म भी कहीं-कहीं जाता है, लेकिन भुखमरी और बेकारी जहां

होती है वहीं पर यह डाग्मैटिज्म का पाठ पढ़ाया जा सकता है। वहां की तरह-तरह की बात कह कर उनको उलझाया जा सकता है और काश्मीरी नौजवानों को जब तक सही मायने में सामाजिक आर्थिक स्थान नहीं मिलेगा, काश्मीरी नौजवान सन्तुष्ट नहीं होंगे। इस बात को हमारी सरकार ने समझा और उन्होंने आर्थिक पैकेज दिया उनको डिवैलपमैंट के लिए पैकेज दिया कि तुम जाओ, तुम इस देश का हिस्सा हो, तुम हमारे बच्चे हो, तुम हमारे नागरिक हो, तुम हमारे साथ हाथ में हाथ मिलाकर काम करो। इस देश को आगे बढ़ाओ, अपने प्रांत को आगे बढ़ाओ, उद्योगों की स्थापना करो और काश्मीर को फिर से वह स्वर्ग बनाओ जैसा काश्मीर था। .... (व्यवधान)

श्री सतीश अग्रवाल (राजस्थान) : काश्मीर पैकेज से हमें कोई आपत्ति नहीं है, परन्तु पी.ओ.के. उनको मत दे देना। पॉक ऑकूपाइड काश्मीर, जैसा कि अखबार में आ रहा है।

श्रीमती कमला सिन्हा : आप बैठिए।

श्री सतीश अग्रवाल : आपकी क्या राय है?

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी) : उन्हें बोलने दीजिए।

श्रीमती कमला सिन्हा : तो यह मैंने काश्मीर के बारे में कहा। रेलवे के बारे में मैंने कहा कि काश्मीर तक रेलवे लाइन पहुंचाने की बात हो रही है। विकास की बात हो रही है और दूसरी बात नॉर्थ-ईस्ट की है। इस देश में पिछले दिनों मैं उस चर्चा में नहीं जाना चाहती कि क्यों ऐसा हुआ, आज स्थिति यह है कि पूर्वांचल में अलग-अलग जगहों में परेशानी की हालत है। हर किसी को अपनी-अपनी स्टेट चाहिए। छोटी-छोटी स्टेट चाहिए और उसके लिए संघर्ष जारी है। मार-काट जारी है। उसके पीछे भी एक कारण है पूर्वांचल के विकास का समुचित विकास का रास्ता नहीं खोलना। पूरे भारतवर्ष का विकास होना चाहिए। मेरे महाराष्ट्र के साथी नाराज़ नहीं होंगे महाराष्ट्र में विकास हो, मद्रास में विकास हो, गुजरात में विकास हो तो नार्थ-ईस्ट में क्यों नहीं विकास होगा? नॉर्थ-ईस्ट के बच्चे पढ़-लिख गए तो उनको काम क्यों नहीं मिलेगा? मजबूरन उनको बेबस उनको कहना पड़ता है कि गिव अस ए स्टेट। हमें अपनी-अपनी स्टेट दो। हम अपना विकास अपने आप करेंगे और उसके लिए वे हथियार उठाते हैं। तो इस हालत को भी सुधारने के लिए प्रधान मंत्री जी वहां बारम्बार गए हैं और नार्थ-ईस्ट के विकास के लिए उन्होंने पैकेज डील किया है। उन्होंने पैकेज दिया है विकास के लिए, अलग-अलग दिशा में अलग-अलग काम करने के लिए और जहां रेलवे लाइन नहीं पहुंचती थी वहां भी रेलवे लाइन पहुंचाने की बात हो रही है। अगले बजट सत्र में संभवत: वह तो आ ही जाएगा, क्योंकि हमारे रेल मंत्री जी ने कहा है कि हम इसको जोड़ने जा रहे हैं, तो यह होगा।

महोदय, पिछले दिनों मैं नार्थ-ईस्ट गई थी। नार्थ-ईस्ट भी ठीक से सड़क से जुड़ा हुआ नहीं है। आकाश मार्ग से भी ठीक से जुड़ा हुआ नहीं है। रेलवे लाइन तो दीमापुर तक ही खत्म हो जाती है। आप अगर प्वायंट् टू प्वायंट् जाना चाहें तो आप नहीं पहुंच सकते हैं। तो उस समय हम लोगों ने सरकारी पदाधिकारियों को पूछा कि ऐसा क्यों हुआ। नार्थ-ईस्ट के लिए ईजीएस्ट होना चाहिए आने-जाने की सुविधा होनी चाहिए तो यह क्यों नहीं है। आप नार्थ-ईस्ट के साथियों को पूछिए। वे बतायेंगे कि जिनको आइज़ोल जाना होगा या दीमापुर जाना होगा वे कैसे जाते हैं और किस परेशानी से जाते है? मणीपुर जाना हो, इम्फाल जाना हो तो पहुंच ही नहीं सकता एक दिन में। उसको दो दिन लगाने पड़ेंगे। तो यह विचित्र स्थिति है। आखिर वह भी हमारे देश का हिस्सा है, हमारी सरहद का इलाका है और ज्यादा सैंसिटिव इलाका है--and we are aware of the fact. इसलिए भारत सरकार ने सही दिशा में कदम उठाया है ताकि नॉर्थ ईस्ट का प्रॉपर एसिमिलेशन हमारे साथ, देश के साथ हो सके।

महोदय, पिछले दिनों सदन में भी सरकारिया आयोग की रिपोर्ट की चर्चा होती रही है कि अलग-अलग प्रांतों के साथ हमारा रिश्ता क्या हो? हमारे यहां एक इंटर-स्टेट काउंसिल बनी हुई है, लेकिन जिस ढंग से उसे काम करना चाहिए था, वह नहीं हो पा रहा है। पिछले साल अक्टूबर में 6 साल के बाद इंटर-स्टेट काउंसिल की बैठक हुई थी। हमारी सरकार चाहती है चूंकि इंडिया एक फेडरल स्टेट है और हमारी फेडरल स्टेट का जो ढांचा है, संघीय ढांचा है, उस में हर प्रांत अपना सही रोल अदा करे, इसके लिए हम सभी बैठकर एक साथ इंटर-स्टेट काउंसिल के तहत विचार करें कि हर प्रांत कैसे अपना विकास करे क्योंकि जब हर प्रांत का समुचित विकास होगा, वह आगे बढ़ेगा, राज्यों की समस्याओं का समाधान होगा तभी भारतवर्ष विकास कर सकता है। सब को साथ लेकर चलना है। इसके लिए हमारी सरकार जागरूक है और सही कदम उठा रही है।

महोदय, जैसा कि मैंने पहले कहा हमारी सरकार स्पेशल जस्टिक की सरकार है; गरीबी के प्रति वचनबद्ध सरकार है। इसके लिए हम चाहते हैं कि जो लोग दो जून का खाना भी नहीं खा सकते हैं, उन के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। महोदय, कल ही खाद्य मंत्री जी ने एक बयान दिया

जिस पर काफी सवाल-जवाब हुए और मंत्री जी के जवाब से सभी संतुष्ट हुए।

महोदय, मैं अधिक विस्तार में नहीं जाना चाहती। मैं इतना ही कहना चाहती हूं कि यूनाइटेड फ्रंट की सरकार की प्रतिबद्धता सामाजिक न्याय में है। सब के प्रति न्याय हो और हम अपने देश को आगे बढ़ाकर "वर्ल्ड फेमिली ऑफ नेशंस" में हमारी हस्ती बुलंद करें, उसी दिशा में हम काम कर रहे हैं। महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में उस ओर संकेत भी किया है। मैं चाहूंगी कि हम सभी मिलकर इस धन्यवाद के प्रस्ताव का अनुमोदन कर महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति आभार व्यक्त करें। धन्यवाद।

SHRI SOLIPETA RAMACHANDRA REDDY (Andhra Pradesh) : Mr. Vice-Chairman, thank you very much for giving me this opportunity. I second the Motion of Thanks which was just now moved by our hon. colleague, Shrimati Kamla Sinha.

वाइस-चेयरमेन सर, कमला सिन्हा जी ने विदेश नीति के ताल्लुक से कई बातें कही हैं। बेनुलअकवानी मुमालिक से अच्छे ताल्लुकात रखने के लिए और इन अच्छे ताल्लुकात की पहले से ट्रेडीशंस हैं, इन ट्रेडीशंस को देवगौड़ा जी की सरकार और आगे ले जाकर और देशों के साथ ताल्लुकात मजबूत कर रही है। न सिर्फ वह बल्कि अपने पड़ौसी मुमालिक से भी कुछ चीजों में अनबन थी, उन सब बातों जिन को दूर कर के सब के साथ दोस्ताना ताल्लुकात काफी बढ़ाए गए हैं। इन के ताल्लुक से जो भी हमारी ऑनरेबल मेम्बर कमला सिन्हा जी ने फरमाया है, मैं उस से पूरा-पूरा मुत्तफिक हूं।

वाइस-चेयरमेन सर, हिंदुस्तान के अंदर जो हालात हैं, उन हालात को ठीक करने के लिए और खुसूस काश्मीर में जो हालात हैं, वहां जो लॉ एंड ऑर्डर की प्रॉब्लम है उसे ठीक कर के वहां इलेक्शन कराए गए हैं। पंजाब में भी पुरअमन तरीके से इलेक्शंस कराए गए हैं। नॉर्थ ईस्ट स्टेट्स में भी अमन लाने के लिए कोशिश की जा रही है और न सिर्फ अमन बल्कि इकॉनोमिक डवलपमेंट के लिए बहुत सारी कोशिशें की जा रही हैं। खुसूसन सी०टी०बी०टी० के ताल्लुक से पूरी दुनिया के अंदर जिस तरह से हमारा सिर ऊंचा किया गया है, उस के लिए मैं न सिर्फ हुकूमत को बल्कि पार्लियामेंट की पूरी पार्टियों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं।

वाइस-चेयरमेन सर, राष्ट्रपति जी का यह एड्रेस बहुत अच्छा है, बहुत शानदार है और मैं इसकी पूरी-पूरी ताईद करता हूं, लेकिन इसमें 50th Anniversary of our Independence जोकि 15 अगस्त से शुरू होने वाला है, उस के ताल्लुक से प्रस्ताव किया गया है। लेकिन मुझे थोड़ी सी तकलीफ है, शायद आप लोग भी मेरी तकलीफ को बांट लेंगे कि देश भर में हम नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की सेनेटनरी सेलिब्रेट कर रहे हैं और इस प्रस्ताव में अगर उनका नाम नहीं लिया गया तो शायद उनके कंट्रीब्यूशन को, उनकी देशभक्ति को नजरअंदाज किया गया, ऐसा लोग तसुव्वर करने के इमकानात होंगे। ऐसा मेरा ख्याल है।

सर, खुसुसन गुजिस्ता पीरिएड में जो जो हुकूमतें थीं, वे सब हिन्दुस्तान के फेडरल स्ट्रक्चर को रोज रोज कमजोर करती गईं। इस हुकूमत के आने के बाद से यह फेडरल स्ट्रक्चर को रिवाइव करके मजबूत करने की कोशिश हो रही है। इंटरस्टेट कॉन्सिल की मार्फत से मीटिंग बुलाकर पूरी पार्टियों से बातचीत करके फेडरल स्ट्रक्चर को मजबूत तौर से लाने की जो कोशिश हो रही है, उसके लिए मैं गवर्नमेंट को मुबारकवाद देता हूं।

इस देश में गुरबत मिटाने के लिए खुसुसन एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी., माइनोरिटी वगैरह के लोगों के लिए, उनकी जहालत दूर करने के लिए जो कोशिशें यह हुकूमत कर रही है, उसके लिए भी मैं इस हुकूमत को मुबारकवाद देता हूं।

सर, अफसोस की बात है कि आजादी के 50 साल के अरसे के बाद भी आज तक मिनिमम बेसिक सर्विसेज पूरी तरह से यहां के लोगों को प्रोवाइड नहीं कर सके हैं। खुसुसन ड्रिंकिंग वाटर और कई ऐसी दूसरी चीजें हैं। इसके लिए मैं कहूंगा कि हर हुकूमत यह बोलती रही है कि हम यह पूरा कर देंगे, दो साल में करेंगे, तीन साल में करेंगे, चार साल में करेंगे, मगर होता नहीं। मुझे उम्मीद है कि यह हुकूमत एक टाइम-बाउण्ड प्रोग्राम बनाकर एनाउन्स करेगी। यही मेरी ख्वाइश है। इससे दुबारा रिपीट करने की ऐसी जरूरत नहीं रहेगी। खुसुसन ड्रिंकिंग वाटर के ताल्लुक से मुझे अफसोस के साथ बोलना पड़ता है, शर्मनाक बात है कि 50 साल के बाद भी आज पीने का पानी कई विलेजेज में, कई लोगों को नहीं मिल पा रहा। इस वास्ते इस ओर ज्यादा तवज्जुह दी जानी चाहिए। जहां ड्रिंकिंग वाटर प्रोवाइड किया जाता है, वहां भी तवज्जुह देनी चाहिए क्योंकि हाल में "हिन्दु" में एक खबर आई कि जहां ड्रिंकिंग वाटर है वहां भी कुछ मसले आ रहे हैं, उदाहरण के लिए-"ड्रिंकिंग वाटर नो एनफ सेफ इन डेलही", इस तरह की एक खबर आई है। यह खबर देखने के बाद तो पसीना छूटता है सबका। इस वास्ते मैं यह भी अर्ज कर रहा हूं कि जहां ड्रिंकिंग वाटर आप दे रहे हैं, वहां आप देखें कि

वह ड्रिंकिंग वाटर गुड हैल्थ के लिए यूसफुल तो है। इसकी कोशिश करनी चाहिए।

एजुकेशन के ताल्लुक से देखें तो हमारे बाद जिन देशों ने आजादी हासिल की, वहां आज सेंट परसेंट, 90 परसेंट, 80 परसेंट इलिट्रेसी दूर हो गई, लेकिन हमारे यहां आज भी 50 फीसदी लोग इलिट्रेट हैं। इसके लिए एक खास दिलचस्पी यह हुकूमत ले रही है। न सिर्फ एजुकेशन के लिए बल्कि हेल्थ प्रोग्राम, हाऊसिंग प्रोग्राम, रोडस के प्रोग्राम के लिए भी एक पूरी तरह से टाइम-बाउण्ड प्रोग्राम बनाकर काम किया जाएगा। ऐसी मुझे उम्मीद है और यही मैं हुकूमत से ख्वाइश करता हूं।

पी.एच.एस. के ताल्लुक से बहुत दिन से चर्चा चल रही है। मैं मंत्री महोदय को और गवर्नमैंट को मुबारकवाद देता हूं। यह एक इंकलाबी कदम है। आज देश में देश की हुकूमत की जो माशी हालत है, जो फाइनेन्सियल पोजीशन है, सबको मालूम है, उसके बावजूद भी 8282 करोड़ रुपया देश के गरीबों के लिए खर्च करके उनको पेट भर खाना देने का प्रयत्न किया जा रहा है। इससे उन गरीब लोगों के मुंह तक खाना पहुंचेगा। इसकी मैं पुरजोर ताईद करता हूं। मैं चाहूंगा कि यह तमाम चीजें एक टाइम बाउण्ड प्रोग्राम के तहत चलनी चाहिएं।

इसके साथ ही रूरल डवलपमेंट प्रोग्राम जो है, उसके लिए मैं हुकूमत को मुबारकवाद देना चाहता हूं कि उसमें यह पैसे की सीमा को बढ़ाया जा रहा है। यह बहुत अच्छी बात है, लेकिन मैं हुकूमत से जानना चाहता हूं कि क्या हुकूमत के पास कुछ मोनेटरिंग सिस्टम भी है? क्योंकि इसमें बहुत सारा पैसा फिजूल खर्च हो रहा है, इसमें बहुत सारा पैसा लोग मार रहे हैं। यह पैसा कॉमन-मेन तक पहुंचना चाहिए, लेकिन बीच में कुछ चूहे आकर खा रहे हैं और ऐसा मालूम होता है कि हुकूमत के जिम्मेदार लोग भी उस चूहे को गणपति विघ्नेश्वर की सवारी समझकर उसको टच करने की हिम्मत नहीं करते हैं। अगर हिम्मत नहीं करेंगे तो यह चूहे उसे पूरा खा जाएंगे। आप जो यह पैसा खर्च कर रहे हैं, उसे ठीक तरह से पहुंचाने के लिए कोशिश करनी चाहिए। यह मैं अर्ज करना चाहता हूं।

एग्रीकल्चर पालिसी के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि हमारी कोई एग्रीकल्चर पालिसी नहीं है, लेकिन मैं हुकूमत को मुबारकवाद पेश करता हूं कि अभी एग्रीकल्चर पालिसी के बारे में एग्रीकल्चर मिनिस्टर्स से बात-चीत की गई और बहुत जल्दी एग्रीकल्चर पालिसी को हमारे सामने पेश किया जाएगा। आज भी इतने साल के बाद फर्टिलाइजर और सीड्स वक्त पर नहीं मिलते हैं। पेस्टीसाइड्स एडलट्रेटिड मिलते हैं। क्रॉप इन्शयोरेंस की हालत यह है कि हम जिनको कर्जा देते है सिर्फ उनको ही क्रॉप इन्शयोरेंस देते हैं, दूसरे का क्रॉप गया तो गया, हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है, ऐसी बात 50 साल से चलती आ रही है। लेकिन मैं इस हुकूमत को मुबारकवाद पेश करता हूं कि इस हुकूमत ने एक इकदाम लिया कि न सिर्फ जिनको हम कर्जा देते हैं, उनके लिए क्रॉप इन्शयोरेंस होना चाहिए बल्कि हर किसान को, खुसूसन छोटे, मार्जिनल और स्माल फारमर्स के लिए भी यह क्रॉप इन्शयोरेंस अमल में आना चाहिए। वे लोग बेचारे गरीब रहते हैं, उनके पास खाने के लिए भी नहीं होता है और यह गरीबों की हुकूमत है, गरीबों के लिए यह हुकूमत है, इसलिए उनका प्रीमियम भी गवर्नमेंट को ही देना चाहिए, ऐसा निर्णय हुकूमत ने लिया, मैं इसके लिए हुकूमत को धन्यवाद पेश करना चाहता हूं।

एग्रीकल्चर लेबर, एग्रीकल्चर वर्कर्स के बिल के बारे में मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि 50 साल के बाद भी, दूसरे स्टेट्स ने केरल, त्रिपुरा जैसे स्टेट्स ने, कई जमाना पहले उस बिल को लाया वहां के किसान मजदूरों के मफाद के लिए, लेकिन यहां सैंटर में, पूरे इंडिया के लिए हम एक वैसा बिल लाने में पीछे हैं। रिकमेंडेशन आफ नेशनल कमीशन ऑन रूरल लेबर से सलाह-मश्विरे के बाद एक बिल तैयार किया गया, लेकिन वह बिल आज तक हम पास नहीं कर सके। हम उससे पीछे क्यों हो रहे हैं, यह बात समझ में आने वाली नहीं है। मैं हुकूमत को यह तवज्जो दिलाना चाहता हूं कि पूरे हिन्दुस्तान के जरई मजदूरों की तरफ से उनके नुमाइंदों ने हजारों-लाखों की तादाद में 12 मार्च को पार्लियामेंट के सामने आने का एक फैसला लिया है। मैं हुकूमत से दरख्वास्त करूंगा कि 12 मार्च आने से पहले उनकी तकलीफ को रोकने के लिए कुछ ऐसे इकदाम लें और बिल को पेश करें, चर्चा करें और हो सके तो बिल को पास करें, मैं यह हुकूमत से गुजारिश करता हूं।

इरिगेशन के ताल्लुक से मैं कहना चाहता हूं कि इरिगेशन फेसिलिटीज बढ़ाने के लिए इस हुकूमत की ओर से बहुत से स्टेप्स लिए गए हैं। मैं इसके लिए मुबारकबाद देता हूं, खुसूसन एस.सी., एस.टी. स्माल फारमर्स को कई किस्म की इमदाद दी जा रही है। मैं इसके साथ-साथ यह भी अर्ज करूंगा कि देश में आज भी वाटर डिस्प्यूट्स हैं कुछ स्टेट्स के बीच में, उनको हल करना हमारा फर्ज है, बहुत जल्दी हल करना हमारा फर्ज है। इस सिलसिले में मैं यह कहने से पीछे नहीं हटूंगा कि कृष्णा वाटर डिस्प्यूट ट्राइब्यूनल ने जो फैसला दिया है, जो अवार्ड दिया है, उसकी पाबंदी

होनी चाहिए। अपर कृष्णा प्रोजेक्ट में 160 टी.एम.सी. वाटर इस्तेमाल करते हुए जो 14.84 लाख एकड़ इरिगेट करने के लिए बच्छावत अवार्ड दिया गया, लेकिन अखबारों में बातें आ रही हैं, सुनने में आ रहा है कि कुछ ऊंचाई बढ़ाई जा रही है, पानी ज्यादा इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है, एक नई चीज इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन की बात सोची जा रही है, इस तरीके से पानी को रोकने की जो वहां कोशिश हो रही है, उससे आंध्र के किसान को बहुत नुकसान होगा। इस वास्ते मैं हुकूमत से दरख्वास्त करूंगा कि चीफ मिनिस्टर ने इनीश्येटिव लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी को बनाया है और उस एक्सपर्ट कमेटी ने वहां मौके पर विजिट करके एक रिपोर्ट भी दी है। उस रिपोर्ट पर फौरन कोई मुबाहिसा करके जल्दी अमल में लाना चाहिए। इस सिलसिले में उसके अमल होने तक जो भी वहां कंस्ट्रक्शन चल रहा है, उस कंस्ट्रक्शन को फौरन रोकना चाहिए, यह मैं हुकूमत से दरख्वास्त करता हूं।

हमारा कंट्री एक एग्रीकल्चर कंट्री है। आज भी 70 प्रतिशत लोग एग्रीकल्चर में मसरूफ हैं लेकिन यह फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के ताल्लुक से हम कोई खास सोच अभी नहीं किए हैं, ऐसा मैं महसूस करता हूं। अमेरिका में 400 बिलियन डालर्स फूड प्रोसैसिंग इंडस्ट्री के प्रोडक्ट्स वह लोग एक्सपोर्ट करते है। That is the biggest industry in America. Not only that. In Europe also, they export 300 million dollars worth of food processing products.

लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि हमारे हिन्दुस्तान में केवल एक लाख लोग इस इंडस्ट्री में इन्वाल्व होते हैं। हमारा देश जरई देश है, इस वास्ते हमको काफी यहां अवसर है। हमको मालूम है, आज हम आम उगाते हैं बहुत बड़े पैमाने पर, हर देश में उसकी काफी इज्जत है, काफी साख है, इसके बावजूद भी हम उस पूरे फल को एक्सपोर्ट करने की पोजीशन में नहीं हैं। हमारे कई फल यहां गिर जाते हैं, सड़ जाते हैं, परिंदे खा लेते हैं। इसको रोकते हुए हमें अपनी एग्रीकल्चर प्रोसैसिंग इंडस्ट्री को खास तौर से तवज्जो देनी चाहिए, यह मैं हुकूमत से अर्ज करता हूं।

आज रोजमर्रा चीजों की कीमतें जो बढ़ रही हैं, इनको देखकर एक आम आदमी बहुत परेशान हो रहा है और आजकल दो-चार महीने से खबर आ रही है कि फिर डीजल, पैट्रोल, कुकिंग गैस, इन तमाम चीजों की कीमतें बढ़ जाएंगी। इन चीजों की कीमतें बढ़ने का मतलब है कि हर चीज की कीमत बढ़ जाएगी।

इससे लोग बड़े परेशान हैं लेकिन मैं मुबारकबाद देना चाहता हूं संबंधित मंत्री जी को जो दो-तीन दिन से यह कह रहे हैं कि किसी किस्म की बढ़ोत्तरी नहीं होगी और अभी जितनी कीमत है उतनी ही रहेगी। मैं इसके लिए उन्हें मुबारकबाद देता हूं।

महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में एजुकेटेड अनइम्लॉयमेंट का कोई जिक्र नहीं किया गया है। इसके बारे में हमें सीरियसली सोचना चाहिए। महोदय, बैंकिंग फैसिलिटीज के बारे में मुझे कुछ बातें कहनी हैं। महोदय, सभी बड़े-बड़े बैंक शहरों में केंद्रित हैं और गांवों में जाने के लिए कोई तैयार नहीं होता है, छोटे लोग, गरीब लोग, किसानों को कर्जा देने के लिए कोई बैंक तैयार नहीं होता है। ऐसी सूरत में 1975 में बहुत सोच-विचार करके हुकूमत ने रूरल बैंक कायम किए। इस तरह से 196 रूरल बैंक कायम हुए और इनकी 15,000 ब्रांचेज कायम की गई। ये बैंक आज भी गरीबों के रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम में 50 फीसदी से अधिक कंट्रीब्यूट कर रहे हैं। लेकिन आज इनके बारे में कुछ अलग ही सोच-विचार हो रहा है। इसके लिए मुझे अफसोस है। हुकूमत की यह पालिसी रही है कि 13,000 लोगों की आबादी के पीछे एक बैंक रहना चाहिए। लेकिन गांवों में बड़े बैंक नहीं गए। केवल रूरल बैंकों ने यह कंडीशन फुलफिल की। अब इन रूरल बैंकों में 17,00 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस नुकसान को अगर आप इनकी ब्रांचों के हिसाब से बांटे तो एक ब्रांच के ऊपर 40 लाख रुपए का नुकसान आता है। मैं पूछना चाहता हूं कि गरीबों के लिए हम जो काम करते हैं, क्या हम उसमें प्रॉफिट देखते हैं? आज हम जो पी.डी. एस. दे रहे हैं, उसमें हम क्या फायदा चाहते हैं? ये बैंक गरीब लोगों के लिए, एस.सी., एस.टी., माइनोरिटीज, जो लोग पढ़-लिख नहीं सकते, उनके लिए कायम किए गए हैं। इसके लिए उल्टा सोचना और प्राइवेट बैंकों के लिए रास्ता खोलना, यह बहुत बुरी बात है।

महोदय, माफ कीजिए हमारे यहां मारवाड़ी लोग, बनिए लोग कर्जा देते हैं। अब उनकी जगह रूरल बैंकों ने ले ली है।

श्री एस.एस. अहलुवालिया (बिहार): महोदय, मेरा एक प्वाइंट ऑफ आर्डर है। ये जो इन्होंने "मारवाड़ी" और "बनिए" शब्दों का प्रयोग किया है, इनको डिलीट कर देना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): स्वयं ही आप इन शब्दों को हटा दीजिए। इन शब्दों का प्रयोग करने की आपकी कोई मंशा नहीं है।

श्री सोलीपेटा रामचन्द्र रेड्डी: ठीक है, मैं इन शब्दों को विदड्रा कर लेता हूं। महोदय, मैं आपसे अर्ज करना

चाहता हूं कि आपके लोकल ऐरिया बैंक लाने में हमें कोई ऐतराज नहीं है लेकिन मैं आपको ऐश्योर कर सकता हूं कि ऐरिया बैंक देहातों में नहीं जाएंगे और वे गरीबों को कर्जा नहीं देंगे। वे अपनी बीवी के नाम, बहन के नाम, साले के नाम पर बिजनस करेंगे। यह गरीबों की मदद करने वाले नहीं हैं। इनकी आड़ में जो रूरल बैंकों को धक्का देने की कोशिश हो रही है, वह ठीक नहीं है। यह नहीं होना चाहिए।

महोदय, मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि इन बैंकों के कर्मचारी छोटे-छोटे गांवों में काम कर रहे हैं जहां शौचालय की सुविधा नहीं है, जहां पीने के पानी की सुविधा नहीं है। यहां के राष्ट्रीयकृत बैंकों में काम करने वाले कर्मचारी के लिए सभी सुविधाएं हैं और उसको तनख्वाह भी ज्यादा मिलती है लेकिन इन रूरल बैंकों के कर्मचारियों को तनख्वाह भी कम मिलती है। इस सिलसिले में द्विपक्षीय समझौता भी हो चुका है कि इन कर्मचारियों को भी बढ़े हुए वेतन दिए जाएंगे। लेकिन अभी तक इसका इंप्लीमेंटेशन नहीं हुआ है जिसके लिए इम्प्लॉयीज फाईट कर रहे हैं और ऐजीटेशन कर रहे हैं, जो मुनासिब नहीं है। आखिर ये लोग गरीबों के लिए काम करते हैं। इसलिए मैं हुकूमत से दरख्वास्त करना चाहता हूं कि वह इस आंदोलन को समाप्त करने के लिए फौरन कदम उठाए और जो इनका बाई-पार्टे वेज सैटलमेंट हुआ है, उसको रूरल बैंकों में काम करने वाले कर्मचारियों पर लागू किया जाए।

इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में पापुलेशन की समस्या का कोई जिक्र नहीं किया गया है। हम जो भी काम जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए कर रहे हैं या जो भी पैसा खर्च कर रहे हैं, वह पर्याप्त नहीं है और उससे यह समस्या हल होने वाली नहीं है।

आने वाले चन्द सालों में कुछ लोगों का ख्याल है कि चीन से भी ज्यादा हमारी पौपुलेशन बढ़ जाएगी। इसलिए इस ओर मजबूती से अमल करने के लिए इस हुकूमत को कुछ सोच विचार करना चाहिए, यह मैं अर्ज करना चाहता हूं। उसके साथ करप्शन के ताल्लुक से बोले बगैर नहीं रह सकता। देश में पब्लिक लाईफ में भी रिश्वतखोरी रोज-रोज इतनी बढ़ती जा रही है जिसकी कोई हद नहीं है। आप लोग माफ करना, हम सब एम०पीज०, एम०एल०एज०, पब्लिक रिप्रजैंटेटिव हैं। लेकिन हमको भी लोग अच्छी नजर से नहीं देखते, यह आम बात है, यह मैं अर्ज करना चाहता हूं। इस करप्शन को रोकने के लिए बहुत सख्ती से इंतजामात करना चाहिए। लोकपाल बिल की जो बात हो रही है वह बहुत दिन से हो रही है। इसको फौरन लाना चाहिए। पार्लियामेंट मेंबर, असेंबली मेंबर, पूरे आई०ए०एस० अफसर सब उसके दायरे में आना चाहिए और अगर वह गलती करे तो उनको भी सजा मिलनी चाहिए, यह मैं अर्ज करना चाहता हूं। उसके साथ-साथ यह ट्रांसपिरेंसी और एकाउंटेबिलिटी भी बहुत जरूरी है। मैंने अभी किसी अखबार में देखा कि यह हुकूमत एक बिल भी राईट टू इंफार्मेशन के सिलसिले में लाने वाली है। वह बिल फौरन आना चाहिए। अगर वह बिल ला रहे हैं तो मैं एडवांस में मुबारकबाद भी देता हूं।

बोफर्स के ताल्लुक से मैं दो बातें अर्ज किए बगैर नहीं रह सकता। जैसा पूरी पार्टियां चाह रही हैं उसी तरह से हमारी पार्टी भी चाहती है कि हर चीज, हर पत्र, वह रहस्य पत्र हो पूरे पत्र पार्लियामेंट के सामने रखना चाहिए। यह हमारी पार्टी की भी डिमांड है। इसके साथ ही महिलाओं के लिए जो हम वन थर्ड देने की बातें बोल रहे हैं, हमारे चन्द्रबाबू नायडू और हमारी असेंबली दो-बार रिजोल्यूशन कर चुकी है। इसके बावजूद हर पार्टी ने मान लिया फिर भी यह बिल पास नहीं हो रहा है इतने दिनों से। मैं हुकूमत से अर्ज करूंगा कि फौरन इस बिल को पास करना चाहिए, अमल में लाना चाहिए और औरतों को वन थर्ड रिजर्वेशन देना चाहिए। चाइल्ड लेबर के बारे में हमारी बहन ने बहुत सारी बातें कही। इस सिलसिले में मैं केवल एक ही बात बोलूंगा कि वह बिल जरूर लाना चाहिए।

उर्दू युनिवर्सिटी के ताल्लुक से मुझे दो बातें कहनी हैं। उर्दू ऐसी जुबान है जो न किसी मजहब की है और न किसी प्रांत की है। हिन्दुस्तान के पूरे प्रांतों में उर्दू बोलने वाले हैं, पूरी मजहब में उर्दू बोलने वाले है। उसके ताल्लुक से जो बिल पास किया गया उसमें दो साल लगे और उसके अमल में कितने साल लगेंगे कुछ पता नहीं है। उसके बारे में यह हुकूमत कुछ सोच विचार कर रही है, यह मुझे डाउट है इसके लिए मैं अर्ज करना चाहता हूं। हमारी आंध्र प्रदेश हुकूमत ने इसके लिए 500 एकड़ जमीन भी दी है। अगर हो सके तो फौरन इस उर्दू यूनिवर्सिटी को आने वाले एकाडमिक ईयर में चालू किया जाए। नहीं तो आप उर्दू के साथ नाईसाफी कर रहे हैं।

बिलो पावर्टी लाईन के ताल्लुक से कुछ बोलना है। यह बिलो पावर्टी लाईन का जो लक्कड़वाला साहब ने निकाला है, उनका यह हिसाब तो ठीक है हम उसमें कुछ संशोधन नहीं कर सकते। जो गरीब लोग खरीदते हैं, जो खाते है, जो पीते हैं उसके हिसाब से उन्होंने बिलो पावर्टी लाईन का निकाला है। मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं कि उनका मेथडोलोजी हमारे आंध्र प्रदेश के लिए नुकसानदेह साबित हुआ। क्यों? क्योंकि किसी स्टेट में नहीं है, हम दो रुपए किलो चावल 14 साल से देते आ रहे हैं। तो हमारा हिसाब करते वक्त लक्कड़वाला साहब ने देखा कि वह

दो रुपए में खरीद रहा है, वह छः रुपए, आठ रुपए रखकर खरीद रहा है तो उसकी शक्ति ऐसी है तो ऐसा समझकर लक्कड़वाला साहब ने हमारा परसंटेज बहुत कम किया है। मैं आपसे सिर्फ यह अर्ज करना चाहता हूं कि उनको यह परचेज पॉवर नहीं है। वह सिर्फ दो रुपए का परचेस पॉवर इस्तेमाल कर रहा है । यह गवर्नमेंट की दी हुई परचेस पॉवर है, उसकी दी हुई परचेस पॉवर नहीं है। इस वास्ते मैं हुकूमत से अर्ज करूंगा कि यह केलकुलेशन में जो गलती हुई, 56 फीसदी चावल और जो खाने की चीजों में उसको मार्क्स दिए गए वह गलत हो गया। इसको हमारे चीफ मिनिस्टर ने हुकूमत से भी रिक्वेस्ट किया है जिसकी जांच-पड़ताल करनी चाहिए और हमारे जो लोग है उनको यह पी॰डी॰एस॰ अमल में आना चाहिए, मैं हुकूमत से यह रिक्वेस्ट करता हूं।

मैं हुकूमत से यह रिक्वैस्ट करता हूं। फिर केरोसिन के सिलसिले में भी इंट्रस्टिंग चीज यह है कि वे हिस्टॉरिकल सेल्स के ऊपर दे रहे है। किसी और मामले में यह हिस्टॉरिकल सेल्स की बात नहीं आई। ठीक है, आपने हिस्टॉरिकल सेल्स कहा है। हिस्ट्री कैसी है, मालूम नहीं। लेकिन मैं अर्ज करना चाहता हूं कि आंध्र प्रदेश के साथ बहुत नाइंसाफी हुई है। हिंदुस्तान के हर स्टेट को पर-कैपिटा 10.34 किलोग्राम से लेकर 32.92 किलोग्राम तक मिलता है लेकिन सिर्फ आंध्र प्रदेश को 9.25 किलोग्राम मिलता है। यह हकुमूत का हिसाब-किताब है। इसलिए मैं हुकूमत से दरख्वास्त करूंगा कि वह इसमें पैरिटी मैंटेन करे और पापुलेशन के हिसाब से दे। आंध्र प्रदेश के साथ यह जो ऐलॉटमैंट में नाइंसाफी हुई है, इसे सरकार को दूर करना चाहिए।

महोदय, मैं एक और गंभीर समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। आज 25 तारीख है। वहां राजमुन्डरी में ओ.एन.जी.सी. में क्या हो रहा है, हमें कुछ पता नहीं है। लेकिन पिछले एक महीने से वहां आंदोलन चल रहा है। तीस साल पहले जब कावेरी बेसिन में काम शुरू हुआ तो ओ.एन.जी.सी. का ऑफिस मद्रास में खोला गया। कृष्णा-गोदावरी बेसिन में आप देख रहे है कि ज्यादा ऑयल है, ज्यादा गैस है लेकिन इसके बावजूद हर काम के लिए हमें मद्रास भागना पड़ता है। दो साल पहले एक बार ब्लो-आऊट हुआ था तो बहुत परेशानी हुई थी। उस वक्त एक कमेटी वहां गई थी और उन्होंने बोला था कि यहां ऑफिस खुलना चाहिए। उस वक्त के जो मिनिस्टर थे, उन्होंने भी कहा कि यहां ऑफिस होना चाहिए और उन्होंने वायदा किया कि हमारी हुकूमत कंसीडर करेगी और यहां ऑफिस खुलेगा। अभी हाल ही में एक और ब्लो-आऊट वहां हो गया लेकिन उसके नजदीक कोई नहीं गया। जब मद्रास को इन्फॉरमेशन गई तो वहां से एक टीम भेजी गई। अगर वहां रीजनल आफिस हो तो मिनटों में ही पहुंच जाते तो उसको रोक सकते थे। इसके लिए बहुत बड़ा आंदोलन चल रहा है। यह आंदोलन कोई एक पार्टी नहीं कर रही है, इसमें सभी पार्टियां शामिल हैं।

महोदय, आंध्र प्रदेश में गैस का बहुत जखीरा है, ऑयल का बहुत जखीरा है। इस वास्ते वहां ओ.एन.जी.सी. का ऑफिस रहना चाहिए। कुछ लोग इसको गलत समझ रहे है और वे यह समझ रहे है कि मद्रास का ऑफिस लाकर वहां रखो। मद्रास का ऑफिस मद्रास में ही रहने दीजिए। यह नया ऑफिस राजमुन्डरी में खोलिए। वहां इसकी जरूरत है। यह मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूं। इसके लिए हमारी हुकूमत ने 5 एकड़ जमीन भी दे दी है। इसलिए फौरन वहां ऑफिस खुलना चाहिए और वहां जो आंदोलन चल रहा है, उसको रोका जाना चाहिए। हमारे वोरा साहिब जो सी.एम.डी. हैं और हमारे मिनिस्टर साहब,

They were kind enough to promise that they would upgrade whatever office was there at present.

उन्होंने कहा है कि वहां जी.एम. का एक ऑफिस बना देंगे और उसको सारी पावर्स देंगे। यह मंत्री जी ने कहा और वोरा साहब ने कहा है। उसके बाद जब लोगों ने ऐतराज किया तो मंत्री जी ने कहा कि रीजनल डॉयरेक्टर और जी.एम. दोनों व्यवसायी है। अगर दोनों व्यवसायी है तो मेहरबानी करके रीजनल डॉयरेक्टर का ऑफिस रखवा दीजिए। यह मैं अपनी पार्टी की ओर से, अपनी स्टेट की ओर से हुकूमत से अर्ज करना चाहता हूं।

महोदय, हमारे आंध्र प्रदेश में मिर्च की पैदावार ज्यादा है तंबाकू की पैदावार ज्यादा है। लेकिन इनकी कीमतें गिर जाने से लोग परेशान हैं। हमारे चीफ-मिनिस्टर यहां की हुकूमत से मिले और तुरंत नेफेड और एस.टी.सी. की ओर से इन चार्जों को खरीदने की कोशिश की गई, इसकी मैं तारीफ करता हूं।

महोदय, मैं एक और बात बोलकर अपनी बात खत्म करना चाहता हूं।

The character of Government as well as the character of a system is very important. The character of the Government is good. It has changed. It is good. But I am sorry to say that the character of the system has not changed to the extent it should. The character of the system should also change so that the country can go ahead with its developmental activities.

फर्टिलाइजर के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि यह देर से भेजा जाता है। फर्टिलाइजर की सप्लाई वक्त पर होनी चाहिए। आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: इन्होंने इतना अच्छा उर्दू में बोला। यहां भाषाओं के विवाद में हम लोग मरते रहते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी): वह हैदराबाद वाले है, वह तो बहुत अच्छी उर्दू बोलेंगे। खैर, उनकी स्पीच के लिए आप उन्हें कांप्लीमेंट कीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): There are a number of amendments to this motion which may now be moved. Amendment numbers 1 to 23, Shri Ram Jethmalani. He is not present. Amendment numbers 24 to 64, Shri Govindram Miri.

SHRI GOVINDRAM MIRI: Sir, I beg to move:

24. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any Government scheme to set up new industries in District Unnao, Uttar Pradesh."

25. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any scheme for closure of Bone Mills and other Polluting Industries in Unnao District of Uttar Pradesh."

26. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about formation of a popular government in Uttar Pradesh."

27. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any action plan for improving the continuously deteriorating law and order situation in North-Eastern regions of the country."

28. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about non-bifurcation of jurisdication of Bilaspur Railway Division, which is the maximum revenue carning Division of Railway in the country and formation of a new Railway Zone at Bilaspur."

29. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about the ban on cow slaughter."

30. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any policy to curb the increasing unemployment."

31. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about bringing the Posts of Prime Minister and other high level Posts under Lok Pal Bill."

32. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any efforts to get freed the Pak-occupied Kashmir."

33. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about abolition of criminalisation in Politics."

34. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any concreate Programme for checking rising terrorists and disruptive activities in the north east region of the country."

35. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about any funding by Government to check use of black moeny for election expenses."

36. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about formation of a separate

Chhatisgarh state in deferrence to a Resolution unanimously passed by Madhya Pradesh Vidan Sabha."

37. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about any special scheme to contain the prices of sugar and other edible items."

38. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about apprehending the persons found guilty in the Bofors gun scandal and repatriating them to India."

39. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about taking any steps for improving continuously deteriorating law and order situation in Uttar Pradesh and Bihar."

40. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about any steps proposed to be taken to mitigate the difficulties being faced by the sugarcane growers from the sugar mills."

41. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the formation of a separate uttaranchal state comprising eight hill districts of Uttar Pradesh."

42. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about early clearance of the pending projects of Uttar Pradesh and Bihar."

43. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about increasing the remuneration of agricultural labourers."

44. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about formation of a separate bench of Madhya Pradesh High Court in the Chhatisgarh region of Madhya Pradesh."

45. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the measures Government intend to take to contain the ever increasing prices of essential commodities."

46. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address as to how Government propose to check the fast deteriorating law and order situation in Uttar Pradesh which has resulted in spate of cases of murder, abduction, molestation, caste war and alround break-down of machinery responsible for maintaining normal conditions in the State."

47. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the steps Government propose to take to handle the situation arising out of the acute famine/drought conditions prevailing in certain parts of Orissa resulting in a number of deaths due to hunger and driving a large number of people to mortgage their children out of compulsion as the State Government has not risen to the occasion."

48. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Addressed about the steps being taken by Government to contain the increasing militancy/insurgency in North-eastern States of the country, particularly in Tripura and Manipur."

49. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the unrest in West Bengal after the signing of Ganga Water treaty with

Bangladesh and the safe guards taken by Government to meet the situation arising out of likely shortage of water that may affect the State."

50. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in Address about the tardy and unsatisfactory progress made in the Bofors case even after receipt of requisite bank documents from Swiss authorities and the action Government propose to take to the satisfaction of the public at large and punish the culprits."

51. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention about the ever increasing corruption involving high-ups in the country and the investigative agencies trying to hush up or to delay the cases."

52. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about Government's failure on the food front that resulted in the import of large quantity of food grains from abroad."

53. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address regarding the decline in industrial growth rate and rising unemployment."

54. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the delay in the implementation of the Report of the Fifth Pay Commission to the satisfaction of all concerned."

55. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the steps Government propose to take to reduce the disparity between different income groups."

56. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the malpractices in the P.D.S. which result in rise in prices of food grains and sugar causing hardship to the poor and steps Government propose to take to remedy the situation."

57. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address that despite tall claims by Government about self-sufficiency in food grains, Government had to resort to import of wheat and sugar and the steps proposed to be taken to remedy the situation."

58. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in Address about the failure of the Government to check air violations at will by a neighbouring country hostile to India and how Government propose to plug the loop holes in air defence."

59. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about measures taken by Government to liquidate hideouts of I.S.I. of Pakistan in different parts of the country."

60. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the depleting naval defence of the country and the measures Government propose to take to augment the naval fleet/forces."

61. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the formation of a separate State of Uttrakhand as promised by the Government from time to time."

62. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the address about the steps to be taken to decongest the Capital city of Delhi so as to make it liveable."

63. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address that despite tall claims by Government there has been slump in growth rate of industry in the country, particularly in fertilizer, copper, cloth, jute and crude petroleum and how Government propose to boost the industrial growth."

64. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that there is no mention in the Address about the apprehended declaration in growth rate of mining and electricity sectors which may hit future industrial growth and how Government propose to remedy the situation."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Amendment numbers 65 to 69. Shrimati Malti Sharma.

श्रीमती मालती शर्मा (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं प्रस्ताव करती हूं कि:

65 **प्रस्ताव** के अन्त में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते हुये मूल्यों तथा इन मूल्यों को कम करके एक उचित स्तर पर लाने की आवश्यकता का कोई उल्लेख नहीं है।"

66 **प्रस्ताव** के अन्त में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में प्रशासन में उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिये ठोस कार्यक्रम बनाये जाने का कोई उल्लेख नहीं है।"

67 **प्रस्ताव** के अन्त में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में रसायन उर्वरकों की कमी तथा उनके बढ़ते मूल्यों के कारण किसानों को होने वाले कष्टों का उल्लेख नहीं है।"

68 **प्रस्ताव** के अन्त में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में चीनी मिल मालिकों द्वारा गन्ने के मूल्य का भुगतान न किये जाने के कारण गन्ना उत्पादकों को होने वाले कष्ट का कोई उल्लेख नहीं है।"

69 **प्रस्ताव** के अन्त में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात्:-

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिये उठाये गये उपायों को कोई उल्लेख नहीं है।"

The questions were proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI): Amendment numbers 70 to 71. Shri Narain Prasad Gupta; not present. Amendment numbers 72 to 94; Shri Ramdas Agarwal; not present. Amendment numbers 95 to 100; Shri V. Narayanasamy; not present. Amendment numbers 101 to 125. Shri R. Margabandu; not present. Amendment number 126. Shri K.R. Malkani; not present. Amendment numbers 127 to 154. Shri Raghavji; not present.

Now, Prof. Vijay Kumar Malhotra to speak.

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली): उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में वर्तमान सरकार कहकर उल्लेख किया और कमला सिन्हा जी ने भी बार-बार हमारी सरकार हमारी सरकार का जिक्र किया। वास्तव में क्या सचमुच कोई सरकार है, कोई शासन चल रहा है, कोई हुकूमत इस देश में हो रही है यह सरकार कितने दलों की है, यही समझ में नहीं आ रहा है। कभी कहा जा रहा है कि 13 दलों की है। फिर दो दल कांग्रेस में शामिल हो गये, 11 दल रह गये, 12 दल रह गये और स्थिति यह है कि यह एक ऐसा रथ है जिसके 11 या 12 घोड़े हैं और सभी अलग-अलग दिशाओं में उसको खींच रहे हैं। कोई दो घोड़े भी एक दिशा में नही चल रहे हैं। ऐसी इसकी स्थिति हो गयी है। वैसे दिशाएं दस मानी जाती हैं - चार दिशाएं, चार उसके कोने, एक ऊपर और एक नीचे परन्तु यह अजीब रथ है जो 12 दिशाओं में खींचा जा रहा है और जो चरमरा रहा है। यह कब टूट जाए, टुकड़े-टुकड़े हो जाए, इसके बारे में कुछ कहना कठिन है। यह ठीक है जो आपने कहा कि यहां मिली-जुली सरकारों का जमाना है, कोलीशन गर्वनमेंट्स चल रही हैं, कई स्टेट्स में मिली-जुली सरकारें चल रही हैं। पंजाब में भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल की सरकार चल रही है। परन्तु कम से कम एक दिशा में तो इनको चलना चाहिए। यहां तो मंत्री ही मंत्री का विरोध कर रहे हैं। एक मंत्री दूसरे के खिलाफ बयान देते हैं। जो पार्टी सरकार में शामिल है, यह सरकार में शामिल होने के बाद सरकार में

तो निर्णय करती है और बाहर निकलकर उस निर्णय का विरोध किया जाता है। कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य सरकार में शामिल हैं और कम्यूनिस्ट पार्टी के ही सदस्य सारी नीतियों का, जो भी फैसला किया जाता है, उनका बाहर विरोध करते हैं। इंश्योरेंस सैक्टर को विश्व में खोल दिया जाए, यह कैबीनेट तय करती है। यहां पर जनता दल और कम्यूनिस्ट पार्टी दोनों उसका विरोध करते है। और उनके मंत्री तक उसका विरोध करते हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां पर कल मैंने देखा कि कम्यूनिस्ट पार्टी के होम मिनिस्टर ने बयान दिया कि उत्तर प्रदेश में कयोटिक कंडीशंस हो रही हैं, वह अनार्की की तरफ बढ़ रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की सरकार चला कौन रहा है? वह चला रहे हैं। गृह मंत्री की सरकार वहां पर है। वहां पर होम मिनिस्टर की सरकार है और गवर्नर उनका नामिनी है। वहां पर प्रेजीडेंट रूल है। अगर वहां पर अनार्की है, अगर वहां पर कयोटिक कंडीशंस हैं और वहां शासन तंत्र तबाह हो गया है तो कौन जिम्मेदार है? जो जिम्मेदार है, वही खड़ा होकर कह रहा है कि वहां पर अनार्की हो रही है, वहां पर सत्यनाश हो रहा है और वहां सारे का सारे शासन का पता नहीं है। ईमानदारी की बात यह है कि या तो उनको इस्तीफा देना चाहिए या वहां के गवर्नर को हटाना चाहिए। अगर दोनों बातें सही हैं तो उन्हें अपनी सरकार पर विश्वास करना चाहिए या बाहर निकल आना चाहिए। किसके ऊपर आरोप हो रहा है? किसको बता रहे हैं कि वहां ऐसी स्थिति पैदा हो रही है। अजीब सरकार है जिसके एक-तिहाई सदस्य सरकार में हैं और दो-तिहाई सरकार से बाहर हैं। दो तिहाई में एक तरफ तो सी.पी.एम. है, जो बाहर है तथा जो लगातार उसका विरोध करती है।

परन्तु जब वोट देने का सवाल आता है तो आकर उनका समर्थन कर देते हैं। उनकी राष्ट्रीय पोलिट ब्यूरो बैठती है तो वह इतनी आलोचना करती है जितनी और कोई दल नहीं करता है। उसके बाद मौका आने पर उसका समर्थन करती है। सबसे अजीब स्थिति कांग्रेस पार्टी की है। मुझे समझ में नहीं आता है कि कांग्रेस की क्या स्थिति है? हर रोज लगता है जैसे कोई बन्धुवा मजदूर है, काम वही करना है। वे तो रोज धमकी देते है। और उनकी स्थिति तो कुछ इसी तरह की है कि जैसे एक कर्मचारी था वह मालिक से कहता था कि मेरी तनख्वाह बढ़ा दो वरना, वरना, वरना और जब मालिक ने पूछा कि यह वरना वरना क्या है तो वह बोला अच्छा उसी तनख्वाह पर काम करूंगा। इन्होंने वहीं रहना है। सरकार का समर्थन करते जाना है, लगातार धमकी भी देते जाना है। इस समय देश में पोलोराइजेशन हो रहा है, दो पार्टियों में हो रहा है, साटे सूडो सैक्युलरिस्ट एक तरफ हैं। ये बन्धुआ मजदूरी उनकी केवल भाजपा विरोध की है, भाजपा विरोध के नाम पर खरीद रखा है इस सरकार ने कांग्रेस पार्टी को। यह सूडो सेक्युलर पार्टियां एक तरफ और दूसरी तरफ राष्ट्रीयता की, देशभक्ति की प्रतीक पार्टी भारतीय जनता पार्टी और उसके साथी एक तरफ है। मुझे खुशी है कि इस बात का जितना से विरोध कर रहे हैं उतना ही हमें लाभ हो रहा है। अभी पंजाब के चुनाव हुए उसके बाद मुम्बई में चुनाव हुए, छिन्दवाड़ा में चुनाव हुआ, नागौर में चुनाव हुआ और अब दिल्ली नगर निगम के चुनाव के नतीजे भी आ रहे हैं। इसमें जो हालत हो रही है सत्तारूढ़ पार्टी की और कांग्रेस पार्टी की उस सबके बारे में धीरे-धीरे दिखाई देगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलाकी नाथ चतुर्वेदी): मिनिस्टर साहब कुछ कहना चाहते हैं।

श्री सी.एम. इब्राहिम: सारी म्युनिसिपटीज को आप चलाइए, देश हम चलायेंगे।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: पंजाब में इलेक्शन हो गया। नागौर और छिन्दवाड़ा की जो सीट कांग्रेस ने 1977 में भी जीती थी, कभी उनके हाथ से नहीं निकली, 1977 में भी नहीं निकली, वह भी उनके हाथ से निकल गई। यूनाइटेड फ्रंट की भी सब जगह पर हालत खराब हुई है और अब इसके बाद मिड टर्म पोल आ रहा है, उसकी तैयारी है।

उपसभाध्यक्ष (श्री त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी): इब्राहिम जी अपनी तरफ से कह रहे हैं, सरकार की तरफ से नहीं कह रहे हैं।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: महोदय, राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में बार-बार कुछ बातों का उल्लेख किया है। उसमें इन सात मूलभूत आवश्यकताओं का जिक्र किया है। श्रीमती कमला सिन्हा जी ने भी उसका बहुत जिक्र किया और जिन्होंने सेकेण्ड किया उन्होंने भी बहुत जिक्र किया है। ये सात क्या हैं - प्रत्येक बस्ती में पीने का पानी, प्राथमिक स्वास्थ्य, सभी के लिए प्राथमिक शिक्षा, बेघर लोगों के लिए सार्वजनिक आवास, मुख्य सड़क, गरीबों के लिए सार्वजनिक प्रणाली।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि पचास साल के आप सारे प्रेजीडेंट एड्रेस देखिए। मेरे ख्याल में एक भी प्रेजीडेंट एड्रेस नहीं है जिसमें इन बातों का जिक्र न हो। इसको हमने एक रस्म बना लिया है, कर्मकांड बना लिया है कि कोई भी प्रेजीडेंशियल एड्रेस हो, एक पार्टी का हो या दूसरी का या तीसरी का सभी का पहले प्लान से लेकर आज तक इन सातों बातों का उसमें जिक्र होता है। सबको पीने का पानी, सबको प्राथमिक शिक्षा देंगे, सबको रोजगार देंगे, सब गरीब लोगों को मकान बनाने की बात

थी। बता दीजिए जिसमें इसका जिक्र नहीं हो। हो क्या रहा है? जिक्र करने के बाद भूल जाते है। आज पहले से ज्यादा गांव हैं जिनमें पीने का पानी नहीं है ज्यादा आदमियों को, आज पहले से ज्यादा आदमी हैं जो पढ़े-लिखे नहीं हैं, आज पहले से ज्यादा लोग हैं जिनको प्राथमिक शिक्षा प्राप्त नहीं हैं। हम क्यों धोखा देते हैं? क्यों हर बार राष्ट्रपति जी के भाषण में इसका जिक्र करते हैं? कुछ चीजें जिनका राष्ट्रपति के अभिभाषण में जिक्र करना महज एक औपचारिकता है कि कुछ यह बता दो, कुछ विदेश नीति की बात, कुछ डिफेन्स की बात, कुछ मूलभूत सुविधाओं की बात, कुछ एग्रीकल्चर की। मेरा कहना यह है कि जो बनाने वाले हैं शायद वे वही आदमी हैं, वह बना देते है, चाहे कांग्रेस की सरकार हो, इनकी सरकार हो, उनकी सरकार हो, जनता दल की सरकार आये या कोई और आये। भाषण वहीं रहता हैं और उसके अन्दर वही बातें कह दी जाती हैं।

महोदय, अब मैं यह कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी ने जिक्र किया काश्मीर का। काश्मीर के बारे में अभी आपने कहा कि काश्मीर के अन्दर चुनाव हुए हैं, यह हुआ है, वह हुआ है सब इसका जिक्र किया, परन्तु जो प्रधान मंत्री जी का भाषण है या उसके पहले फारूख अबदुल्ला ने दिया और जिसमें से बड़े तरीके से निकलने की कोशिश की जा रही है, एडजस्टमेंट की जा सकती है, क्या प्रधान मंत्री जी एडजस्टमेंट कर सकते हैं?

क्या यह उनकी पुस्तैनी जमीन है, क्या यह उनकी घरेलू जमीन है? मैं आपको बताता हूं कि काश्मीर का कांस्टिट्यूशन क्या कहता है, दो ही कांस्टिट्यूशन हैं, एक जम्मू कश्मीर का कांस्टिट्यूशन और दूसरा हिन्दुस्तान का कांस्टिट्यूशन है। जम्मू और कश्मीर का कांस्टिट्यूशन कहता है कि:

> "The territory of the State shall comprise all the territories which on the 15th day of August, 1947 were under the sovereignty and suzerainty of the ruler of the State."

आगे कहते हैं:

> "No Bill or amendment seeking to make any change in the provisions of this section shall be introduced or moved in either House of legislature."

जमीन को एक इंच भी कम करना या ज्यादा करना, इसका अधिकार जम्मू और कश्मीर कांस्टिट्यूशन ने उनको नहीं दिया। इसके आगे हमारे कांस्टिट्यूशन में जो दिया है वह है कि:

The Constitution (Application to Jammu and Kashmir) Order, 1954, para 1, Article 3, provided further:

> "No Bill providing for increasing or diminishing the area of the State of Jammu and Kashmir or altering the name or boundary of that State shall be introduced in Parliament without the consent of the legislature of that State."

उसको हम कम नहीं कर सकते, यह वहां हो नहीं सकता। यह किसका अधिकार है? किसी को यह कह देना कि जमीन दे देंगे, फलां कर देंगे यह कांस्टिट्यूशन की हत्या है, यह कांस्टिट्यूशन की खिलाफत है। इसका किसी को अधिकार नहीं है कांस्टिट्यूशन की कसम खाकर प्रधान मंत्री के पद पर बैठकर इस तरह की बात जो व्यक्ति करता है, मैं समझता हूं कि देश के हितों के खिलाफ इस तरह की बात कहता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस अभिभाषण में नाइंथ प्लान के बारे में कोई जिक्र नहीं किया है। मुझे आश्चर्य है कि नाइंथ प्लान दो महीने के अंदर शुरू हो रहा है। यह पहली अप्रैल से शुरू हो जाएगा। क्या पोजीशन है नाइंथ प्लान की? राष्ट्रपति के भाषण में इसका कोई जिक्र न करके केवल यह कहा कि नाइंथ प्लान के अप्रोच पेपर तैयार हो गए। अगर अप्रोच पेपर तैयार हो गए हैं तो इसका जवाब दें कि स्पोर्ट्स में कितना पैसा होगा। क्या नाइंथ प्लान के बारे में मेंबर्स का पता नहीं होना चाहिए? नाइंथ प्लान दो महीने बाद शुरू होगी। आठवीं प्लान का जो मिड टर्म अप्राइजल था उस पर संसद में बहस नहीं हुई। हिन्दुस्तान की किस्मत का फैसला आप नाइंथ प्लान में करने जा रहें हैं लेकिन इसके अंदर उसके बारे में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है कि किस को कितना अलोकेशन होने जा रहा हैं यह कोई छिपाने की बात नहीं है, यह कोई सीक्रेट बात नहीं है कि अगर बात बाहर निकल जाएगी तो गड़बड़ हो जाएगी। क्यों नहीं इस बात का जिक्र किया गया कि इस प्लान के अंदर इतना इतना अलोकेशन है, जी.डी.पी. का यह परसन्टेज होगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा अनुरोध है कि नाइंथ प्लान को पब्लिक के सामने ओपन करना चाहिए और सब को इस बारे में खुलकर बताना चाहिए। इसके अंदर ट्रांसपरेंसी लानी चाहिए और इस बारे में लोगों के सजेशन लेने चाहिए और उसके बाद इसको ठीक तरह से बनाया जाना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, प्राइस राइज का इसमें जिक्र किया गया है। प्राइस राइज का जिक्र करते हुए यह कहा गया कि प्राइस राइज जो हो रहा है कि इसका ताल्लुक

पहली सरकार से है। पहली सरकार का भी प्राइस राइज से ताल्लुक है। होल सेल प्राइस इंडेक्स 7.9 और कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स 10.4 है और जो इंडस्ट्रियल लेबर का प्राइस इंडेक्स, यह जो लेबर ब्यूरो कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फार इंडेस्ट्रियल वरकर्स इन दिल्ली है इसमें इन्क्रीज है 28 परसेंट। 28 प्रतिशत, जो सरकार 9 महीने से है इतनी हो गई नौ महीने के अंदर । 28 परसेंट कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स, इनका है कि उनमें बाकी चीजें नहीं आती। उनमें अनाज आता है, ट्रांसपोर्ट आता है, एक गरीब आदमी की चीजें आती हैं जिसको आप गरीबी की रेखा के नीचे कहते हैं। इसमें 28 परसेंट इन्क्रीज है। पहले वाला तो है ही। 28 परसेंट इन्क्रीज क्योंकि नवम्बर 1995 में 322 अब हो गया 404। 88 परसेंट इन्क्रीम हुई। अभी जो बढ़ाया है खुले बाजार में गेहूं के दाम, चीनी के दाम और उसके बाद पेट्रोल की प्राइसेज का असर, जब यह बजट आएगा और पहली अप्रैल आएगी यह निश्चिततौर पर 35-40 परसेंट जाएगा उसके हिसाब से कोई डेली वेजेज नहीं बढ़े, कोई अर्न नहीं हुआ और गरीब आदमी के ऊपर इतना बड़ा कुठाराघात मंहगाई का इस सरकार की नीतियों के कारण हुआ है, जिसका कि प्राइस राइज में मैं जिक्र करना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यहां पर भ्रष्टाचार के बारे में कुछ जिक्र किया गया। लोकपाल बिल का भी जिक्र किया गया। 1968 से लोकपाल बिल के बारे में हर प्रेज़ीडेंशियल एड्रेस में जिक्र हो रहा है। 30 साल हो गये, आखिर यह लोकपाल बिल क्या चीज़ है, यह आता क्यों नहीं है? इस सरकार को 8-9 महीने हो गये हैं लेकिन लोकपाल बिल नहीं आ सका। अब कहते हैं कि लोकपाल बिल अभी स्टैंडिंग कमेटी डिसकस कर रही है। तीन सिलेक्ट कमेटियां इसे देख चुकी हैं, दोनों हाऊसेज़ की कमेटियां देख चुकी हैं। जब कभी होता है तो यह कहा जाता है कि अब फलां कमेटी देख रही है। अब कहते हैं कि स्टैंडिंग कमेटी देख रही है। अभी तक एक दो महीने आने की संभावना नहीं है। फिर यह सेशन भी निकल जाएगा। आखिर इसका आंस्वरेबल कौन है? इसमें क्या करना है, कौन सी ऐसी चीज़ है कि बार बार कमेटियां इसको देख रही हैं? प्राइम मिनिस्टर को उसके अन्दर लाना है या नहीं लाना है, इसका फैसला करिये और बिल को यहां पर लाइये। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए 30 साल जो भी गवर्नमेंट रही उसको टालती चली जा रही है। अब यहां जिक्र किया जाता है कि साहब ज्यूडिशियल एक्टीविज़म बढ़ रहा है। कई बार उसके बारे में आ रहा है कि ज्यूडिशियल एक्टीविज़म को खत्म करने के लिए सरकार यह करेगी, वह करेगी। इस तरह की चीज़ें आ रही है। परन्तु ज्यूडिशियल एक्टीविज़म क्यों हो रहा है, इसको भी देखना चाहिये। जितनी चाज़ें कोर्ट में गई हैं उनमें से चीज़ें निकल तो रही हैं। अभी इण्डियन बैंक का मामला आज आ गया, उसको सुप्रीम कोर्ट नें एक्सेप्ट कर लिया। पब्लिक लिटीगेशन में आ गया तो ज्यूडिशियल एक्टीविज़म कहा जाएगा। अगर आप कदम नहीं उठाएं और उनको बचाने की कोशिश करें, आप अपने मिनिस्टरों को बचाने की कोशिश करें, आप उन सब के ऊपर पर्दा डालने की कोशिश करें उनको कोर्ट पकड़े नहीं, देखें नहीं तो यह ज्यूडिशियल एक्टीविज़म का कैसे आप उन पर आरोप लगा सकते हैं? बोफोर्स का मामला है, उसको कवर पर कवर किया जा रहा है। अभी आपने कहा कि हमारी पार्टी कहती हैं कि पेपर रखने चाहियें। अगर आपकी पार्टी कहती है कि यहां पर पेपर रखनें चाहियें तो रखें, क्यों नही रखते हैं? यह आश्चर्य की बात है कि आपका मिनिस्टर कहता है कि नहीं रख सकते। उनका एक हिस्सा है मिनिस्ट्री में, उनका एक भाग है गवर्नमेंट चलाने वालों में, वह कहते हैं कि रखे जाने चाहिए, दोनों अपोज़िट बातें कह रहे हैं यह पेपर सदन के पटल पर रखे जानें चाहियें इसमें कोई लीगल-वीगल बाधा नहीं है, सब मज़ाक की बातें हैं। आप पूरे के पूरे बोफोर्स के पेपर यहां पर रखिए ताकि पता लगे कि क्या चीज़ उसमें कही गई है। उसका यूज़ केवल यहां से बुल्ली करने के लिए, ब्लैक मेल करने के लिए करते रहेंगे। हो यह रहा है कि जिसको चाहे उसके पीछे लगा दो। जिसको दबाना हो उसको दबा दो। जो अनकम्फर्टेबल हो रहा है, उसके पीछे लगा दो। जिसका बचाना है उसको बचा लो। चारा घोटाले की बात अलग हो रही है। बिहार की बात अलग हो रही है। वहां पर कोई उसके ऊपर परमिशन नहीं दी जा रही है। आयुर्वेद दवाओं के घोटाले की परमिशन मांग रही हैं सी॰बी॰आई॰ लेकिन परमिशन नहीं दी जा रही है। कहीं परमिशन दे रहे हैं और कहीं पर नहीं दे रहे हैं। कहीं पर एक्शन ले रहे हैं, कहीं पर एक्शन नहीं ले रहे हैं। कितनी झाड़ गवर्नमेंट को और सी॰बी॰आई॰ को कोर्ट ने लगाई है उसके बाद भ्रष्टाचार हटाने की बात करना या उसके बारे में कोई गवर्नमेंट सिंसयेर है यह कहना एक मज़ाक के अतिरिक्त कोई बात नहीं हो सकती।

[उपसभाध्यक्ष (श्री जी॰ स्वामीनाथन) पीठासीन हुए]

उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी आ रहा है कि डा॰ कंवर का जो हत्याकांड हुआ, 1993 में सी॰जी॰एच॰एस॰ के एक डाक्टर को रात को मार दिया गया। उन दिनों इलेक्शन हो रहा था उसका मर्डर हो गया। मुझे मालूम नहीं, उसके बारे में राजेश पायलट साहब जो फारमर मिनिस्टर थे प्राइम मिनिस्टर को एक चिट्ठी लिखते है कि इसकी

इन्क्वारी करो, सी॰बी॰आई॰ को दो पोलिटिकल इंटरफियरेंस की वजह से, पोलिटिकल प्रेशर की वजह से इसका दबाया जा रहा है। यह तो फैक्ट है कि उसकी पत्नी को उसके बाद अलग सरकारी मकान दिया गया। यह भी फेक्ट है कि उसके पास दो गाड़ियां ए॰आई॰सी॰सी॰ की रही। इस सब के बाद भी इसकी इन्क्वायरी क्यों नहीं हो रही है? क्यों नहीं मामला सी॰बी॰आई॰ को दिया गया? क्या फिर लिटीगेशन का इंतजार हो रहा है कि कोई जाए और उसके बाद कोर्ट कहे कि हम मोनिटर करेंगे फिर आप करेंगे फिर आप कहेंगे कि यह ज्यूडिशियल एक्टीविज़्म हो रहा है। कौन सा नेक्सस कौन तोड़ रहा है, कौन कौन लोग है, किन किन के नाम हैं, कितने भंयकर भ्रष्टाचार के घोटाले हैं, कौन कौन उसको कवर कर रहा है, इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण के भ्रष्टाचार का ज़िक्र करना मैं समझता हूं कि यह तो बेशर्मी की इंतेहा है। इतना सब कुछ करने के बाद भी उसका उल्लेख करते रहना, मैं समझता हूं कि बहुत ही गलत चीज़ है। क्या आप यह शुरू कर सकते हैं कि जो डिस्क्रीशनरी पावर्स है उनको खत्म किया जाएं - मिनिस्टर्स की भी और नौकरशाहों की भी। मिनिस्टर्स को जहां कहीं पर परमिशन मिली डिस्क्रीशनरी पावर्स की उन्होंने बेइन्तिहा भ्रष्टाचार से उसका उपयोग किया। मकान देने की पावर मिली तो 20-20, 30-30, 50-50 हजार एक एक मकान में लिए। पैट्रोल पंपों की पावर मिली तो पैट्रोल पंपों के बारे में कोर्ट्स के अंदर सारे मामले आ रहे हैं। 60-60 लाख के जुर्माने हो रहे हैं। यह पावर मिली कि कालेजों में, मेडिकल कालेजों में दाखिला दे दो तो उसके अंदर रिश्वत का सवाल आ रहा है। बड़े बड़े चीफ मिनिस्टर्स के नाम उसमें आ रहे हैं। यह आया कि सेंट्रल स्कूल में दो आदमी दाखिल कर लो - हर एक के लिए - तो उसके अंदर 5 हजार, 10 हजार स्पेशल कोटे से दाखिल कर लिए। हम क्यों नहीं डिस्क्रीशनरी पावर्स खत्म कर देते। आप मिनिस्टर्स से शुरू करिए। फिर शुरू करिए सारे ब्यूरोक्रेट्स से। किसी को कोई डिस्क्रीशनरी पावर नहीं होगी। सब मेरिट पर होगा। हर एक को लाटरी डालकर कर दीजिए। मेरिट पर कर दीजिए। देखिए आधा भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। .. .(व्यवधान) जी हां, मैं वह भी शुरू कर रहा हूं। आई एम गोइंग टु से दैट ...(व्यवधान)

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI C.M. IBRAHIM. There is no discretionary quota.

